

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, गुरुवार 16 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -10 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-318 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 फरवरी 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मासूम से दुष्कर्म,गिरफ्तार

**भिलाई,16 फरवरी।** नंदिनी थाना क्षेत्र में मासूम से दुष्कर्म, पड़ोसी युवक ने बच्ची को अकेली पाकर किया गंदा काम पुलिस गिरफ्त में आटोपी एक 8 साल की मासूम से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोसी युवक ने बच्ची को घर पर अकेला पाकर यह गंदा काम किया घटना की सूचना पर नंदिनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376 सहित पॉक्सों एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है नंदिनी टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 6 साल की मासूम से पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया बच्ची के माता पिता काम से बाहर गए हुए थे इस दौरान बच्ची घर पर अकेली थी इस दौरान सुबह लगभग 10 बजे पड़ोस में रहने वाला अमन विश्वकर्मा ( 21 ) बच्ची के पास पहुंचा युवक बच्ची को अपने साथ घर ले गया और उसके साथ गंदा काम किया और वहां से भाग गया शाम को बच्ची के माता-पिता लौटे तो बच्ची रोते देखा बच्ची ने अपनी मां को बताया कि पड़ोसी युवक ने उसके साथ क्या किया बच्ची ने रोते हुए बताया कि उसे दर्द हो रहा है इसके मां को पता चला कि उसकी बच्ची के साथ क्या हुआ इसके बाद माता पिता ने नंदिनी थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी युवक की तलाश की गई आरोपी युवक को पुलिस ने उसके घर से ही गिरफ्तार किया

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**भिलाई,16 फरवरी।** कुम्हारी थाना क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। नेशनल हाइवे पर इंद्रप्रस्थ होटल के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत हो गई। स्कूटी सवार रायपुर का रहने वाला था और वह अपने घर जा रहा है। इस दौरान रायपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। कुम्हारी पुलिस ने घेराबंदी कर चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि आज सुबह 11.45 बजे एनएच पर इंद्रप्रस्थ होटल के सामने स्कूटी क्रमांक CG04 HU 7769 को ट्रक क्रमांक CG04 MS 7963 के चालक ने ठोकर मार दी। हादसे में स्कूटी चालक के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। मृतक की पहचान रायपुर कोटा निवासी उमेश बंजारे के रूप में हुई। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। कुम्हारी पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक चालक नरेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है

### दो मालगाड़ी में टक्कर

**सुल्तानपुर,16 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में गुरुवार सुबह बड़ा ट्रेन हादसा हो गया है। सुल्तानपुर जंक्शन के दक्षिण केबिन के पास दो आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई है। इस हादसे में अभी तक किसी के मारे जाने की कोई सूचना नहीं है। हादसे के बाद 6 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया है। हादसे की वजह से लखनऊ-वाराणसी और अयोध्या-प्रयोगराज रेलवे मार्ग बाधित हो गया है। आवागमन बाधित होने से इन ट्रैकों पर आ रही सैकड़ों ट्रेनों को बीच में ही रोक दिया गया है। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

# भाजपा नेताओं की हत्या की जांच के लिए डीजीपी ने एनआईए को लिखा पत्र

**रायपुर,16 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने एनआईए को पत्र लिखा है। बस्तर में तीन जनप्रतिनिधि की हुई हत्या की जांच का अनुरोध किया है। बस्तर में विगत सप्ताह तीन जन प्रतिनिधि की हत्या हुई थी। माओवादियों का इलाका लगातार सिकुड़ने से नक्सली बौखलाहट में है। नक्सली बौखलाहट में जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों को बना रहे निशाना है। केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस के प्रयास से विगत वर्षों में नक्सली उन्मूलन में सफलता मिली है। बता दें कि बस्तर में नक्सलियों ने सप्ताह भर में तीन बीजेपी नेताओं की हत्या की है। जिनमें पहली वारदात को नक्सलियों ने बीजापुर में अंजाम दिया है जहां उसूर ब्लॉक के बीजेपी मंडल अध्यक्ष नीलकंठ ककेम के घर में घुसकर नक्सलियों ने धारदार हथियार से परिजनों के सामने उनकी गला रेतकर हत्या कर दी। दूसरी घटना नारायणपुर जिले के छोटे डोंगर में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष सागर साहू के घर में घुसकर नक्सलियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। वहीं तीसरी घटना दंतेवाड़ा जिले के हितामेटा गांव के पूर्व सरपंच और बीजेपी के सक्रिय नेता रामधर अलामी की हत्या कर दी थी।

### मुख्यमंत्री ने की पुलिस की प्रशंसा

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार भयमुक्त एवं विधिसम्मत शासन व्यवस्था प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अपराध पर लगाम लगाए जाने और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के संवेदनशील रवैये के साथ नक्सलवादियों के आत्मसमर्पण के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि विकास,विश्वास और सुरक्षा की रणनीति के कारण ही प्रदेश में नक्सली हिंसा की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगी है। बीते वर्ष सरकार के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर और छत्तीसगढ़ पुलिस के संवेदनशील व्यवहार के कारण 555 नक्सलवादियों ने आत्मसमर्पण किया है जो एक बड़ी सफलता है। इसी दौरान 46 नक्सलवादियों की पुलिस मुठभेड़ में मौत भी हुई है। बीते चार वर्षों में नक्सल पीड़ित क्षेत्रों में 900 से अधिक परिवारों को मुकदमों से मुक्ति दिलाई जा चुकी है जो सरकार की आदिवासियों के हित में दूरदर्शी सोच और पुलिस की संवेदनशीलता से संभव हो पाया है। बस्तर को लेकर चार वर्ष पहले तक देश में कई भ्रांतियां थीं। लेकिन इन चार वर्षों में सरकार ने सुरक्षा और विश्वास को लेकर कार्य किया है। इस दौरान बस्तर क्षेत्र में विकास के कार्य हुए हैं। इस दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बंद पड़े स्कूलों को फिर से प्रारंभ किया गया, नए अस्पताल खोले गए, ग्रामीणों के लिए पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गयीं। प्रत्येक गांव में राशन दुकान खोले गए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को वन अधिकार पट्टों का वितरण किया गया है और आदिवासियों को उनकी जमीनें वापस कराई गई है।

# आदिवासी समाज से दुनिया को सीखने की जरूरत : मोदी

**नई दिल्ली,16 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली की मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आदि महोत्सव की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आदि महोत्सव देश की व्यवस्था की पहचान है। उन्होंने कहा कि हाशिए पर पड़े लोगों को मुख्यधारा में हम लाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासियों को लेकर देश गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है। आदिवासी जीवनसैली ने बहुत कुछ सिखाया है। यहां की परंपरा से भी हम बहुत कुछ सीखते हैं। आदि महोत्सव एक भारत-श्रेष्ठ भारत का स्वरूप है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह महोत्सव अब एक अभियान बन गया है। आदिवासी परंपरा को गौरव के साथ हम प्रस्तुत कर रहे हैं। साथ-साथ मोदी ने यह भी कहा है कि आदिवासी समाज से दुनिया को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।



आदि महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि जैसे भारत की अनेकता और भव्यता आज एक साथ खड़ी हो गई हैं। यह भारत के उस अनंत आकाश की तरह है जिसमें उसकी विविधताएं इंद्रधनुष की तरह उभर कर सामने आ जाती हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह अनंत विवधिताएं हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के सूत्र में पिरोती हैं। पीएम ने कहा कि उनके उत्पादों के माध्यम से विभिन्न कलाओं, कलाकृतियों, संगीत और सांस्कृतिक प्रदर्शन को देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे लगता है कि भारत की विविधता और इसकी भव्यता एक साथ आ गई है और आज इसकी परंपरा को उजागर कर रही है। उन्होंने कहा कि जब विविधताओं को एक भारत-श्रेष्ठ भारत के धागे में पिरोया जाता है, तो भारत की भव्यता दुनिया के सामने उभरती है। यह आदि महोत्सव इसी भावना का प्रतीक है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह महोत्सव विकास और विरासत के विचार को और अधिक जीवंत बना रहा है। जो पहले खुद को दूर-सुदूर समझता था अब सरकार उसके द्वार जा रही है, उसको मुख्यधारा में ला रही है।

# नवा रायपुर में लगे कांग्रेस के सभी होर्डिंग हटाये जाएंगे

» पीपीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम का आदेश

» आला नेताओं से शिकायत के बाद संगठन का फ़ैसला

रायपुर,16 फरवरी। नवा रायपुर से होर्डिंग्स और कटाउट्स को हटाने के लिए पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के निर्देश पर आदेश जारी किया गया है. ऐसे में होर्डिंग्स ना हटाने पर पीसीसी की ओर प्रचार सामग्री हटाई जाएगी. पीसीसी से जारी निर्देश में तीन मार्गों एकात्म पथ से मुक्तांगन के आगे टी-पॉइंट तक, मेला ग्राउंड से मेन एंट्री गेट तक और मेफेयर से वीवीआईपी एंट्री पॉइन्ट को लाल गलियारा बताया गया है. इन मार्गों पर पीसीसी और एआईसीसी से अधिकृत प्रचार सामग्री को ही लगाने की अनुमति है. कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारियों के बीच छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन के भीतर विवाद खड़ा हो गया है। ताजा मामला महाधिवेशन को लेकर किये जा रहे प्रचार का है। रायपुर महापौर एजाज ढेबर ने आक्रामक पोस्टर-होर्डिंग अभियान चला दिया है। शहर और महाधिवेशन स्थल की ओर जाने वाली सड़क को प्रचार सामग्री से पाट दिया गया है। अब प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम की ओर से एक आदेश जारी कर प्रचार सामग्री हटाने को कहा है रायपुर शहर में यूनीपोल पर महाधिवेशन से जुड़ी प्रचार सामग्री लगाने का अभियान शुरू हो गया। बुधवार दोपहर तक महाधिवेशन की ओर जाने वाले रास्ते, हवाई अड्डे से शहर की ओर आने वाले रास्तों को प्रचार सामग्री से पाटा जा चुका था।

### कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन छग के लिए गौरवपूर्णः सिंहदेव

**रायपुर.** कांग्रेस के अधिवेशन को लेकर मंत्री टीएस सिंहदेव का बयान सामने आया है. मंत्री सिहदेव ने कहा, कांग्रेस महाअधिवेशन छत्तीसगढ़ की धरती में पहले नहीं हुआ है. हम सबके लिए यह गौरवपूर्ण आयोजन है. पोस्टर वार को लेकर मंत्री सिंहदेव ने कहा, व्यक्तिगत तौर पोस्टर लगाया गया था. पार्टी की ओर से कोई पोस्टर नहीं लगाया गया था. पोस्टर लगाने को लेकर पार्टी की तरफ से निर्देश जारी किया गया है. कुछ व्यवहारिक सुधार राष्ट्रीय अधिवेशन पर हो रहा है. प्रोटोकॉल के तहत ही पोस्टर लगाए जाएंगे. छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही ईडी की कार्रवाई पर उन्होंने कहा, ईडी का दृष्टिकोण सिर्फ राजनीति का है तो उसे बंद कर देना चाहिए. अगर और कहीं गड़बड़ी आती है तो उसकी जांच होनी चाहिए. इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को तोता तक कह दिया था. प्रक्रिया अगर उजागर होती है तो जांच की प्रक्रिया राजनीति से अलग होनी चाहिए. त्रिपुरा चुनाव पर उन्होंने कहा, जनता का आशीर्वाद किसे मिलता मतगणना के बाद पता चलेगा. वहां की राजनीतिक परिस्थिति बिल्कुल अलग है. कांग्रेस पूरी सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रही है. 20 सीटें पूरी तरह से आदिवासी बाहुल्य है.

# 12 चीते 18 फरवरी को आएंगे कूनो पार्क

**भोपाल,16 फरवरी।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में एक बार फिर से 12 चीते छोड़े जाएंगे। दरअसल, 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए जाएंगे। इन चीतों में 7 नर और 5 मादा चीता शामिल है। इन्हें भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से लाया जाएगा। आपको बता दें कि इससे पहले 2022 में नामीबिया से 8 चीते लाए गए थे। इन चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया था। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका से हवाई मार्ग के जरिए 18 फरवरी को लाए जाने वाले 12 चीतों के लिए कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 10 पृथकवास बाड़े तैयार किए गए हैं। आपको बता दें कि पहली बार करीब तीन साल पहले भारत सरकार ने दक्षिण अफ्रीका से देश में चीतों को लाने का विचार रखा था और अब शनिवार को ये चीते भारत पहुंचेंगे। डीजी वाइल्डलाइफ एसपी यादव ने बताया कि कूनो नेशनल पार्क में सभी चीतों ने अपने परिवेश को अच्छी तरह से अनुकूलित किया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि एक सासा नाम के चीते को छोड़कर सभी चीते स्वस्थ हैं। गौरतलब है कि भारत में चीतों को बसाने के योजना के तहत इससे पहले फरवरी में नामीबिया से आठ चीते केएनपी में लाए गए थे। भारत में परियोजना से जुड़े एक विशेषज्ञ ने बताया कि सात नर और पांच मादा चीते भारतीय वायुसेना के परिवहन विमान से दक्षिण अफ्रीका से हजारों मील दूर भारत में अपने नए घर के लिए यात्रा शुक्रवार शाम को शुरु करेंगे।

# सिंधिया के शॉट पर बीजेपी नेता घायल

**रीवा 16 फरवरी।** केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज रीवा दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने रीवा एयरपोर्ट का शिलान्यास करने के बाद रीवा शहर से लगे इटौरा में बने माधव राव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण किया। बता दें कि इसके बाद क्रिकेट खेलते समय ज्योतिरादित्य सिंधिया के एक शॉट को पकड़ने के चक्कर में बीजेपी के एक कार्यकर्ता को चोट लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घायल कार्यकर्ता का हाल जानने सिंधिया अस्पताल पहुंचे।मामला मध्यप्रदेश के रीवा है।



बुधवार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया MPCA के मैदान का उद्घाटन करने इटौरा पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन के लिए बल्ला थाम लिया। फिर क्या था, उन्होंने एक से एक शॉट लगाए। क्रिकेट खेलते समय सिंधिया ने एक बॉल पर उठाकर मारा। गेंद हवा में चली गई। बीजेपी युवा मोर्चा का मंडल उपाध्यक्ष विकास मिश्रा बॉल के नीचे आकर कैच पकड़ने की कोशिश कर रहा था, तभी कैच छूट गया और बॉल उसकी आंख के उपरी हिस्से में लग गई। वह वहीं पर गिर पड़े। जिसके बाद खुद सिंधिया ने कार्यकर्ता को उठाया। फिर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया हादसे के बाद घायल कार्यकर्ता का हालचाल जानने अस्पताल भी पहुंचे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के दीनदयाल नगर मंडल के अध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी ने बताया मैदान के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान राजेन्द्र सिंह कटहा ने बालिंग की। तभी मैदान में फील्डिंग कर रहे भाजयुमो के दीनदयाल नगर मंडल उपाध्यक्ष विकास मिश्रा 26 वर्ष निवासी अनंतपुर के सिर में गेंद लग गई है। घायल विकास मिश्रा सर्जरी वार्ड में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



खारुन बनी जलकुंभी की नदी

# कुत्ते ने नक्सलियों के मंसूबो पर फेरा पानी

**नारायणपुर,16 फरवरी।** नक्सलियों के टैक्टिकल काउंटर ऑफ ऑफेंसिव कैपैनस शुरू होते ही नारायणपुर जिले में नक्सली गतिविधियां बढ़ने लगी है। बढ़ती नक्सलियों गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान शुरू कर दिया है। छोटेडोंगर के भाजपा नेता सागर साहू की हत्या के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इसी बीच बुधवार की सुबह धनोरा थाना से गस्त सर्च अभियान में निकले जवानों को टारगेट करने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक स्वान की मौत हो गई है। वही आइटीबीपी 29 बटालियन के एक जवान घायल हुए हैं। जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट



गांव के देसी कुत्ते ने अपनी जान देकर अपनी वफादारी दिखाया हैं। यह गांव वाला देसी कुत्ता अक्सर कैंप आया करता था। इस दौरान उसे खाने पीने की चीजें दे दिया करते थे. जिसके बाद से जवानों के साथ सर्च अभियान में कुत्ता भी आगे-आगे चलता था। उन्होंने बताया की घटना के वक्त नक्सलियों द्वारा लगाए बम को सूंघते हुए कुत्ता बम के पास पहुंच गया और बैठ गया। बम से उठते ही आंखों के सामने जोरदार धमाका हो गया। जिसके बाद बम के छर्रे से जवान घायल हो गए। उन्होंने बताया की बम की चपेट में आने से कुत्ते की मौत हो गई।

पीएम आवास पर रमन सिंह के आरोप पर बघेल का पलटवार

# कहां से आए आंकड़े जनगणना तो हुई नहीं

**रायपुर,13 फरवरी।** प्रधानमंत्री आवास को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के आरोप पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह के पास आकंड़े कहाँ से आए. जनगणना अभी हुई नहीं तो किस आधार पर कह रहे हैं. केंद्र सरकार जनगणना क्यों नहीं करा रही है.

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हर 10 साल में जनगणना के प्रावधान है. 2021 का समय निकल गया. केंद्र सरकार जनगणना क्यों नहीं कराती. हो सकता है 16 की जगह 18 लाख आंकड़ा हो जाए. हो सकता है कम हो जाए. केंद्र सरकार शायद इसलिए जनगणना नहीं कराती, कहीं गरीबी रेखा में वृद्धि न हो जाए. ये मेरा सीधा आरोप है. बता दें कि डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में 16 लाख पीएम आवास लंबित होने का आरोप लगाया है. वहीं बस्तर में भाजपा नेताओं की हत्या को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हम भी चाहते हैं मामले की निष्पक्ष जांच हो. डीजीपी ने एनआईए को पत्र लिखा है. इस मामले की जाँच एनआईए को करनी चाहिए.

विवाद के बीच अडानी की बड़ी डील

# चूना-पत्थर ब्लॉक के लिए मारी बाजी



**मुंबई,16 फरवरी।** हिंडनबर्ग विवादों के बीच अडानी समूह से जुड़ी एक बड़ी खबर है। खबर यह है कि अडानी की सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड ने एक बड़ी डील हासिल की है। कंपनी ने गुरुवार को कहा कि उसे ओडिशा में उस्कलवागु चूना पत्थर ब्लॉक के लिए प्रेफर बिडर्स घोषित किया गया है। बता दें कि पिछले साल ही अडानी ग्रुप के अंबुजा सीमेंट का अधिग्रहण किया था। इस खबर के बाद अंबुजा सीमेंट का शेयर 3त्न तक चढ़ गया है। अंबुजा सीमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि मल्कानगिरी जिले में स्थित ब्लॉक के लिए ओडिशा सरकार ने ई-नीलामी की थी। अडानी समूह की फर्म ने यह नहीं बताया कि ब्लॉक के लिए उसने कितने रुपये की बोली लगाई थी। कंपनी ने बताया कि यह ब्लॉक 547 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें 14.1 करोड़ टन चूना पत्थर होने का अनुमान है। अंबुजा सीमेंट का शेयर आज 351.45 रुपये पर है। हिंडनबर्ग विवाद के बाद अंबुजा सीमेंट के शेयरों में भी गिरावट आई है। यह शेयर पिछले एक महीने में अब तक 33% टूट गया है। वहीं, इस साल यह शेयर 33.20% गिरा है।

### गुजरात में सड़क हादसा

पाटन 16 फरवरी, । गुजरात के पाटन जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां वरही में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

## एक नजर

### डोलोमाइट फ्लड लाइट क्रिकेट मैच का रंगारंग शुभारंभ



**भिलाई, 16 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के हिर्री खदान के क्लब ग्राउंड में 14 फरवरी को सात बजे सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व के तहत डोलोमाइट फ्लड लाइट क्रिकेट मैच का रंगारंग शुभारंभ हुआ। तेरह दिवसीय चलने वाले इस खेल समारोह में लगभग 40 क्रिकेट टीम अपनी सहभागिता देंगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक रावघाट प्रकोष्ठ एवं एजेंट हिर्री खदान अनुपम बिष्ट तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमहाप्रबंधक सह खदान प्रबंधक सोमनाथ सिंह तथा उप महाप्रबंधक सिविल छत्रधारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में अनुपम बिष्ट ने अपने उद्बोधन भाषण में शारीरिक रूप से निरंतर फिट रहने के लिए इस तरह के खेल आयोजन की महत्ता पर बल देते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा निगमित उत्तरदायित्वों के तहत किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी, प्रतिभागी खिलाड़ी तथा आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मवीर के तीसरे संस्करण का आयोजन



भिलाई, 16 फरवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के द्वारा विशेष नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मवीर के तीसरे संस्करण का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को विशेष रूप से राष्ट्रीय पुरस्कार श्रम/विश्वकर्मा/क्वालिटी सर्कल प्रतियोगिता आदि विजेता गैर कार्यपालकों के लिये डिजाईन किया गया है। इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से आये हुये 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के फैकल्टी/प्रशिक्षक महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास विभाग अमूल्य प्रियदर्शी रहे।

### अधिकारी ने 12 घंटे के अंदर वाहन मालिकों को कबाड़ गाड़ियों को हटाने की चेतावनी दी

**दुर्ग,16 फरवरी।** नगर पालिक निगम क्षेत्र



अंतर्गत सड़कों के किनारे कंडम, कबाड़ तथा बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाने अभियान निगम ने चलाया। इसकी शुरुआत गंज काम्प्लेक्स के आस पास सड़क किनारे से की गई तथा गंजपारा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पीछे के वाहनों को हटाने की कार्रवाई के साथ 12 घंटे के भीतर कबाड़ गाड़ियों को हटाने की चेतावनी दी गई। इस दौरान बेतरतीब खड़े वाहनों तथा काफी लंबे अरसे से खड़े करने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई भी की जाएगी। इस कार्रवाई में वाहन मालिकों को चेतावनी दी गयी। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सड़को के किनारे से ऐसे वाहनों को हटाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में आज वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नगरवासियों से अपील की है कि नगर को साफ सुथरा रखने में अपना योगदान दें और स्वच्छ भारत की मुहिम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा पुरानी कंडम गाड़ियां , दुकान के बाहर पुराने टायर, कचरा आदि यूं ही न पड़े रहने दे और तुंरन्त साफ सफाई करें। कार्रवाही के दौरान अतिक्रमण अधिकारी शिव शर्मा ने सड़क पर कबाड़ गाड़ियों को रखकर यातायात बाधित करने वाले वाहन मालिकों को चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि दोबारा सड़क किनारे गाड़ी

# महापौर की मांग पर चुंगी क्षतिपूर्ति दर में वृद्धि करने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा,राजस्व में होगी वृद्धि



**भिलाई, 16 फरवरी।** प्रबोधन कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने कई बड़ी घोषणाएं नगरीय निकाय के विकास कार्यों के लिए की। इसमें भिलाई के विकास के लिए भी 60 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है, इसके अलावा निकायों के राजस्व की आय बढ़ाने महापौर नीरज पाल की मांग पर प्रदेश भर में चुंगी को भी बढ़ाने की घोषणा की है। इस प्रबोधन कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास भी शामिल हुए। इसमें कई नगरीय निकाय के महापौर ने अपने निकाय क्षेत्रों में चल रहे शासकीय योजनाओं को प्रबोधन कार्यक्रम के जरिए बताया, जिसमें भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने भिलाई में हो रहे विकास कार्यों तथा शासन की योजनाओं के लाभ के बारे में मुखरता से बताया, वहीं उन्होंने इसी दरमियान चुंगी कर क्षतिपूर्ति में वृद्धि करने की मांग मुख्यमंत्री से की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सहजता से महापौर नीरज पाल की मांग को स्वीकार करते हुए चुंगी कर जो कि वर्तमान में 26 रुपए प्रति व्यक्ति की दर से बनता है इसे बढ़ाकर 35 रुपए प्रति व्यक्ति की दर से करने की तत्काल घोषणा की। इस पर महापौर नीरज पाल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

चुंगी कर में बढ़ोतरी होने से भिलाई सहित अन्य निकाय के राजस्व में भी वृद्धि होगी। महापौर की इस पहल का अन्य लोगों ने भी स्वागत किया तथा सभी ने इसके लिए मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई निगम में विकास कार्यों के लिए 60 करोड़ राशि देने की घोषणा की है। भिलाई के लिए जो घोषणाएं की गई है इनमें प्रमुख रूप से भिलाई में विश्व स्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी कम रीडिंग जोन बनेगा, सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ खुलेंगे, रीपा की तर्ज पर भिलाई में अर्बन कॉटेज और सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क तैयार होगा, शहरी महिला आजीविका केंद्र शुरू होगा।

### देवबलौदा मंदिर को 17 से 19 तक खोलने सांसद बघेल ने लिखा पत्र

**भिलाई, 16 फरवरी।** जिले के सांसद विजय बघेल ने पुरातत्व विभाग रायपुर मंडल को पत्र लिखकर देवबलौदा के प्राचीन शिव मंदिर को महाशिवरात्रि को देखते हुए 17 से 19 फरवरी तक खोलने कहा है। इस प्राचीन मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। यह आयोजन मेरे द्वारा सन 2002 में प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष में प्रारंभ किया गया था। इस पवित्र कार्य में सभी श्रद्धालुजन माताओं और बहनों का मंदिर पर श्रद्धा बनी हुई है और महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व आगमन शुरू हो जाता है जो तीन दिनों तक रहता है। इसलिए इस प्राचीन मंदिर को 17 से 19 फरवरी तक खोलने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया जाये।

### हमर बेटी हमर मान कार्यक्रम में स्टूडेंट को सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है मनीषा



**कवर्धा, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्रीमान डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार आज दिनांक 15.02.2023 को शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के द्वारा हमर बेटी हमर मान कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र छात्राओं को महिलाओं पर घटित होने वाली अपराध, साइबर सुरक्षा संबंधी अपराध, अभिव्यक्ति ऐप एवं महिला सेल प्रभारी विजया कैवत्य के द्वारा गुड टच बैड टच,यातायात सुरक्षा, पाक्सो एक्ट की जानकारी दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से व्याख्याता रविंद्र चंद्रवंशी,वंदना नेमा,शीला रानी ठाकुर,भावना केसरी,रितेश देवांगन,शैलेंद्र श्रीवास्तव,उमेश्वरी भुभार्य,चंद्रवंती भास्कर,मनीषा परते,कुमारी प्रेरणा तिवारी,नीमा शर्मा,श्रद्धा तिवारी,नरेश श्रीवास, एवं महिला सेल टीम से आरक्षक रोमन चंद्रवंशी महिला आरक्षक लता, प्रियंका,चालक आरक्षक आशीष चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

# महापौर कोसरे ने प्रमुख सडकों के डामरीकरण के लिए किया कार्य का शुभारंभ



**भिलाई, 16 फरवरी।** भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख सडकों का नए सिरे से डामरीकरण के लिए महापौर निर्मल कोसरे ने पूजा अर्चना के बाद श्रीफल तोडक़र इन कार्यों का जहां शुभारंभ किया वहीं उन्होंने निगम कार्यालय परिसर पर वाहन शाखा में शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए भी भूमिपूजन किया। महापौर निर्मल कोसरे ने वार्ड क्रमांक 37 सिरसा कला में एक करोड़ 59 लाख की लागत से सडक़ डामरीकरण कार्य प्रारंभ कराया। यह डामरीकरण कार्य ढोडक़ी पारा से सिरसा भाठा तक लगभग एक किमी के दायरे में पूरा होगा। महापौर निर्मल कोसरे ने पूजा अर्चना करने के बाद श्रीफल तोडक़र इस कार्य को गति प्रदान की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सडक़ डामरीकरण होने से सिरसा कला और सिरसा भाठा के बीच आवाजाही सुगम हो जाएगी। सिरसा कला के बाद महापौर निर्मल कोसरे अपने काफिले के साथ भिलाई.3 पहुंचे। यहां पर उन्होंने फोरलेन सडक़ पर सेन्ट्रल बैंक से इंदिरा पारा की ओर सत्यम चौक तकए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के पास से पुलिस लाइन, ईमली बगीचा होकर महामाया मंदिर तक एवं शर्मा मेडिकल से एकता चौक होते हुए नूतन चौक तक श्रीफल तोडक़र डामरीकरण कार्य प्रारंभ कराया। इन तीनों सडक़ के डामरीकरण में 43 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसी कड़ी में महापौर निर्मल कोसरे ने निगम कार्यालय परिसर पर वाहन शाखा में 47.96 लाख की लागत से शेड निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति कृष्णा चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, ईश्वर साहू, देवकुमारी भलावी, दीप्ति वर्मा, एम.जॉनी, पार्षद प्रेमलता चंद्राकर, फिरोज फारुकी, हेमंत वर्मा, टेनेन्द्र ठाकरे, डे साहब वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, वाहन शाखा प्रभारी उप अभियंता हेमंत साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, महामंत्री पप्पू चंद्राकर, पूर्व पार्षद आशीष वर्मा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष असफाक अहमद, भागीरथी निर्मलकर, कुमारी ढीमर, मनोज ठाकुर, यशवंत ठाकुर, श्यामता साहू, भीषम वर्मा, हरीश यादव आदि उपस्थित थे।

### बीजेपी तीन कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल



**कवर्धा, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आस्था प्रकट करते हुए तथा कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश का दौर जारी है। बोड़ला भाजपा मंडल के पूर्व महामंत्री, ग्राम नेउरगाँव खुर्द के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता जगराम चंद्रवंशी, ग्राम उसलापुर के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामकुमार वर्मा एवं ग्राम लेंजाखार के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सरहा कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर कैबिनेट मंत्री एवं कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर के शंकर नगर रायपुर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में मोहम्मद अकबर के हाथों तिरंगा गमछा पहनकर कांग्रेस प्रवेश किया। इस अवसर पर बोड़ला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मिडिया प्रभारी गोरेलाल चन्द्रवंशी उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री मितान योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भिलाई चरोदा को मिला पुरस्कार

**भिलाई।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया जी के हाथों पुरस्कार ग्रहण करते हुए महापौर निर्मल कोसरे, श्री सभापति कृष्णा चंद्राकर एवं आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी।

### झिल्ली,पन्नी विक्रय करने वालों के खिलाफ हुई कार्रवाई,दुकानदारों से वसूला जुर्माना

**दुर्ग, 16 फरवरी।** नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय करने वालों पर नजर रखते हुए उन पर कार्रवाई की जा रही है। दुर्ग शहर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ एवं सुंदर दुर्ग बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए निगम की टीम लगातार कार्रवाई कर ही है.प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय एवं उपयोग पर लगाम लगाने निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने इस कार्य के लिए टीम का भी गठन किया है साथ कार्रवाही के निर्देश दिए। स्वास्थ्य अधिकारी एवं बाजार अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में बाजार विभाग टीम ईश्वर वर्मा,भुवनदास साहू,शशिकांत यादव,संकेत धर्माकर सहित टीम ने झिल्ली, पन्नी, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई की जा रही है। बाजार अधिकारी जावेद अली ने बताया कि निगम की टीम ने इंदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया।

# भिलाई सहित अन्य निकायों में आरंभ होंगे मिलेट्स कैफे, महिलाओं को मिला प्रशिक्षण



भिलाई, 16 फरवरी। नगर पालिक निगम भिलाई के प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम में स्थित रेशने आवास में मिलेट्स व्यंजनों को लेकर जिले के सभी नगरीय निकाय के चयनित स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। भिलाई सहित दुर्ग जिले के अन्य नगरीय निकायों में कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर मिलेट्स कैफे प्रारंभ किए जाएंगे। यहां मिलेट्स से बनने वाले लोकप्रिय व्यंजन नागरिकों के लिए उपलब्ध होंगे। इसका संचालन एनयूएलएल से जुड़े महिला समूह के उद्यमी करेंगे। इसके लिए जिले के सभी नगरीय निकाय के स्व सहायता समूह की महिलाओं को रायगढ़ से आए हुए मास्टर ट्रेनर रोहिनी पटनायक एवं एनूल नाहर ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली, उतई, धमधा, अहिवारा एवं भिलाई निगम की उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं को मिलेट के जरिए जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा सहित अन्य अनाजों से बनने वाले उत्पाद जैसे दोसा, इडली, सांभर बड़ा, चीला एवं फरा इत्यादि बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर महिलाओं को मिलेट्स कैफे प्रारंभ करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। लजीज व्यंजन तैयार करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 13 एवं 14 फरवरी को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने रुचि दिखाते हुए मिलेट्स के नए-नए व्यंजन बनाने सीखा। मिलेट्स कैफे खुलने के बाद हर कोई व्यक्ति कैफे में जाकर पौष्टिक व्यंजनों का आनंद ले पाएंगे। कैफे में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेगा। मिलेट्स के व्यंजन काफी स्वादिष्ट होते हैं अब नागरिकों को इसके लिए खास अनुभव होगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनयूएलएल की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस, मिशन मैनेजर शीबा रॉबर्ट, अमन पाटले, सामुदायिक संगठिका, सुलोचना धनकर तथा निकाय के महिला समूह के सदस्य के साथ संबंधित निकाय के सभी मिशन मैनेजर व सामुदायिक संगठिका उपस्थित रहे।

### मासूम से छेड़ाछाड़ करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई चरोदा।** तीन वर्ष की मासूम के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को जीआरपी पुलिस ने 12 घंटे के अंदर महासमुन्द से गिरफ्तार किया है भिलाई-3 जीआरपी प्रभारी आर.के बोरझा ने बताया कि 13 फरवरी की दोपहर 1 बजे आरोपी ने तीन वर्ष की मासूम को घर के बाहर खेलते समय अपने घर में ले जाकर उसके साथ छेड़खानी किया था । प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी जग्गू मांझी (42वर्ष) निवासी जी. केबिन बस्ती चरोदा को महासमुन्द से गिरफ्तार किया है इस कार्रवाई में भिलाई चौकी प्रभारी सउनि महेंद्र प्रसाद,आरक्षक विष्णु सुमन प्रकाश सोनी शामिल थे।

### सूने मकान में चोरी

**भिलाई चरोदा।** भिलाई सूने मकान चोरों ने धावा बोलकर ज्वेलरी और नकदी पर हाथ साफ कर दिए। शिकायत पर पुलिस ने धारा 380.457 के तहत जुर्म दर्ज किया है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि 25 सितंबर 2022 अयोध्या विहार निवासी देवराज सुंदरानी (67 वर्ष ) बैंग्लोर गए थे 5 नवंबर को घर लौटे दरवाजे का ताला टूटा मिला आलमारी में रखे ज्वेलरी और 5 हजार रुपए नकद बेरी हो गई थी

# अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर गिरेगी गाज, आयुक्त ने दिए निर्देश



**भिलाई, 16 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई ने अनाधिकृत विकास व निर्माण को लेकर सख्ती बरतना चालू कर दिया है। इसके लिए भिलाई निगम के जोन क्षेत्रों में सघन सर्वे किया जा रहा है। सर्वे उपरांत अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने वाले लोगों को नोटिस थमाया जा रहा है। नोटिस देने के बाद भी नियमितीकरण नहीं कराने पर सील बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। भिलाई निगम ने भवन अनुज्ञा की स्वीकृति का प्रयोजन परिवर्तित करने वाले जैसे कि पार्किंग स्थल पर दुकान का उपयोग, पार्किंग स्थल पर स्टोर एवं वर्कशॉप आदि को लेकर भी नोटिस जारी किया है। अनाधिकृत विकास व निर्माण के तहत भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, मिली हुई स्वीकृति के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यावसायिक निर्माण या बिना स्वीकृति के निर्माण करने वालों का नियमितीकरण किया जा रहा है तथा इसके लिए निगम प्रशासन बारंबार अपील कर रही है। फिर भी अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी तथा नोटिस देने के बाद भी नियमितीकरण नहीं कराने वाले भवन/दुकान को सील बंद किया जाएगा। गौरतलब है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं इसके लिए लक्ष्य भी प्रदान किया है। नियमितीकरण कराने के लिए अलग-अलग स्थानों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नियमितीकरण कराने के लिए भिलाई निगम के मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में कभी भी संपर्क किया जा सकता है।



### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने दी बोड़ेगांव को बड़ी सौगात

**भिलाई, 16 फरवरी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने जिले के ग्राम बोड़ेगांव में क्षेत्रवासियों को विकास कार्यो की सौगात दी। उन्होंने इस अवसर पर बोड़ेगांव में नवीन ग्राम पंचायत भवन और शासकीय प्राथमिक शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु डोम का लोकार्पण किया। मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने ग्राम बोड़ेगांव में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने मिडिल एवं प्रायमरी स्कूल में शेड निर्माण, गौठान में सेग्रीगेशन यार्ड निर्माण, गौठान में गतिविधि कक्ष निर्माण, आंगनबाड़ी कक्ष का लोकार्पण किया। साथ ही सीसी रोड निर्माण एवं प्राथमिक शाला का संधारण के कार्यो का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेन्द्र यादव, जिला पंचायत सभापति श्रीमती पुष्पा भुनेश्वर यादव, जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख एवं सरपंच सुश्री प्रतिभा देवांगन उपस्थित थे। मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने सबसे पहले सभी क्षेत्रवासियों भूमिपूजन और लोकार्पण के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही सरकार के 4 साल पूरे होने पर क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आज पूरा प्रदेश कार्य कर रहा है। हमारी सरकार ने जो 36 वादे किए थे, उसे पूरा कर रही है। हमारी सरकार जो 36 वादे लेकर आए हैं उनमें सबसे मुख्य किसानों के लिए कर्ज माफी है।

# बीएसपी के योगदान से अबूझमाड़ के खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक




**भिलाई, 16 फरवरी।** विगत दिनों उज्जैन में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करते हुए 201.25 अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ के महिला एवं पुरूष खिलाडियों ने टीम चैम्पियन का खिताब अपने नाम करते हुए इतिहास रचा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में छत्तीसगढ़ की मल्लखम्ब खिलाडियो की टीम ने कांस्य पदक पर पुनः कब्जा जमाया है। इस टीम में नारायणपुर अबुझमाड़ के 10 खिलाडियों ने कांस्य पदक प्राप्त कर टीम को सफलता दिलायी है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022, 07 फरवरी को उज्जैन में आयोजित की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के 15 राज्यों की मल्लखम्ब टीमो ने भाग लिया जिसमें मध्यप्रदेश 207.20 अंक प्राप्त कर प्रथम और महाराष्ट्र 205.60 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। नारायणपुर अबुझमाड़ के खिलाडियों से सुसज्जित छत्तीसगढ़ की टीम ने 201.25 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। छत्तीसगढ़ की इस टीम को भिलाई इस्पात संयंत्र ने विशेष योगदान प्रदान किया। इस सहयोग की बदौलत छत्तीसगढ़ की टीम यह उपलब्धि हासिल कर पायी। कांस्य पदक विजेता बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों में बालक वर्ग में मानू ध्रुव, मोनू नेताम, श्यामलाल पोटाई, राकेश वरदा, संतोष सोरी और रविन्द्र कुमार तथा बालिका वर्ग सरिता पोयाम, दुर्गेश्वरी कुमेटी, संताय पोटाई, जयंती कचलाम, हिमांशी उसेंडी और शिक्षा दिनकर शामिल है। दोनों वर्ग में इन 6-6 खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत तौर पर उपलब्धि हासिल करते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इस बार सभी महिला एवं पुरूष खिलाड़ी के संयुक्त अंक जोडक़र पदक देने का नियम बनाया गया था जिसके कारण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान निकाला गया जिसमें छत्तीसगढ़ मलखंभ दल तृतीय स्थान प्राप्त कर कास्य पदक पर कब्जा जमाया।

# भूपेश बघेल ने नगरीय निकायों में विकास कार्यों के लिये एक हजार करोड़ रुपये देने की घोषणा की

**रायपुर 16 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सुरक्षा व्यवस्था हेतु शहरों के मार्केट एरिया में लगेंगे सीसीटीवी कैमरेभिलाई में 20 करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी कम रीडिंग ज़ोन बनाया जायेगारायपुर एवं भिलाई में सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ खोलने की घोषणारीपा की तर्ज पर सभी नगर निगम और नगर पालिकाओं में खुलेंगे अर्बन कॉटेज और सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बुधवार को राज्य के नागरिकों को एक हजार करोड़ रूपये के विकास कार्यों की महत्वपूर्ण सौगात दी । मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के गौरव समागम-2023 में शामिल होते हुये कहा कि हमारी सरकार में नागरिकों को घर बैठे ही सुविधाएं मिल रहीं है । इसके साथ ही सभी नगरीय निकायों ने नागरिक सुविधाओं को बेहतर किया है । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राशनकार्ड बनाने में सुधार किया है । आज सभी का राशनकार्ड आसानी से बन जाता है । पहले भवन अनुज्ञा लेने में बहुत मुश्किल होती थी लेकिन अब इसका सरलीकरण किया गया है।



मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत घर बैठे ही 15 प्रकार की सेवाएं मिल रही हैं । मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुये कहा कि युवाओं के रोजगार हेतु रायपुर एवं भिलाई में सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ खोले जाएंगे । छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा हेतु भिलाई में 20 करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी कम रीडिंग ज़ोन बनाया जायेगा । मुख्यमंत्री ने रीपा की तर्ज पर सभी नगर निगम और नगर पालिकाओं में अर्बन कॉटेज और सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क खोलने की घोषणा की । नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा हो इसके लिये उन्होंने नगर निगमो में स्मार्ट हेल्थ कियोस्क बनाने की घोषणा की जिसमें बीपी, सुगर, ब्लड टेस्ट की निःशुल्क सुविधा मिलेगी । मुख्यमंत्री ने शहरों के मार्केट एरिया में सीसीटीवी, आधुनिक शौचालय और विकास व्यवस्था की घोषणा करते हुये कहा कि जनप्रतिनिधियों की मांग पर नगरीय निकायों की चुंगी क्षतिपूर्ति राशि को 26 रुपये से बढ़ाकर 35 रुपये किया जायेगा । मुख्यमंत्री ने की ये अहम घोषणायें- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सभी नगरीय निकायों को विकास कार्यों हेतु लगभग 1 हजार करोड़ रूपये राशि देने की घोषणा की । उन्होंने नगर निगम रायपुर को 100 करोड़, बिलासपुर नगर निगम को 50 करोड़, दुर्ग नगर निगम को 25 करोड़, भिलाई-चरौदा, अम्बिकापुर, जगदलपुर को 20-20 करोड़, रिसाली, राजनांदगांव, रायगढ़ एवं कोरबा को 15-15 करोड़, बिरगांव, धमतरी एवं चिरमिरी को 10-10 करोड़ की राशि देने की घोषणा की । इसके साथ ही सभी नगर पालिकाओं को 5-5 करोड़ और सभी नगर पंचायतों को 3-3 करोड़ रूपये देने की घोषणा की ।

मुख्यमंत्री ने रायपुर, भिलाई और बिलासपुर में शहरी महिला आजीविका केंद्र ,रायपुर शहर के जल भराव वाले क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम ,भूमि विकास नियम का सरलीकरण, अम्बिकापुर में महात्मा गांधी स्टेडियम का उन्नयन, सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण की घोषणा की । गौरव समागम समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री शिवकुमार डहरिया ने कहा कि विगत 4 वर्षों में नगरीय निकाय क्षेत्र में मूलभूत सुविधा सड़क, पानी, बिजली और सफाई के क्षेत्र में बेहतर कार्य और व्यवस्था में सुधार किया गया है । निकाय क्षेत्रों में विकास के मापदंडों में नियमित सुधार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय में सभी क्षेत्रों में बेहतर विकास कार्य हो रहा है।

## एक नजर

### मोहन मरकाम का अपमान कर आदिवासी नेतृत्व को कुचल रही है कांग्रेस: विकास मरकाम

**रायपुर ,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा के स्वागत में विमानतल से लेकर राजधानी में जगह जगह लगाए गए होर्डिंग्स से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का चेहरा गायब होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के लिए एक आदिवासी को प्रदेश का अध्यक्ष बना तो दिया लेकिन कांग्रेस की विचारधारा यही है कि आदिवासी दबा कुचला रहे , उसे कभी सम्मान ना मिले, वह कभी नेतृत्व न करे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में स्वागत समिति के अध्यक्ष बनाये गए मरकाम को प्रदेश प्रभारी के स्वागत प्रचार में हटाया जाना साबित कर रहा है कि कांग्रेस की नजर में आदिवासी का कितना सम्मान है। मोहन मरकाम का अपमान इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को पहले भी कई बार अपमानित किया गया है।उनके खिलाफ एक ऐसा षड्यंत्र रचा जा रहा है, जो पहले टीएस सिंहदेव के लिए रचा जा चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में आदिवासी महिला का विरोध करने वाले दिखावे के लिए एक आदिवासी को अपना प्रदेश अध्यक्ष जरूर बनाए हुए हैं लेकिन उनका भी वैसा ही विरोध चल रहा है, जैसा राष्ट्रपति पद की आदिवासी महिला उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू जी का विरोध छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर रहे थे।

### मगरलोड भाजपा ने किया चक्का जाम

**नगरी/मगरलोड ,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रदेश संगठन के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मगरलोड के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस शासन में अराजकता , लचर कानून व्यवस्था एवं बस्तर संभाग में हो रहे लगातार भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की हत्या के विरोध में दिनांक 17 फरवरी को दोपहर 2 से 4 बजे तक मगरलोड के बस स्टैंड चौक पर चक्का जाम किया जावेगा इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं मगरलोड मंडल के प्रभारी राजेंद्र गोलछा, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष विजय यदु,भीखम सेन,शत्रुघन साहू, भवानी यादव,चेतन साहू, रामायण सिन्हा,यवन साहू, बसंत साहू, श्रीमती उर्वशी साहू सहित सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश,जिला,मंडल,शक्तिकेंद्र,बुथ,मोर्चा एवम प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण,जनप्रतिनिधिगण व जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से आह्वान किया गया है अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर प्रदेश सरकार के दमनात्मत्क रवैए के विरोध में बिगुल फूंकने स्वफूर्त विशालतम संख्या में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनावें।

### कमल विहार एलआईजी फ्लैट्स की बुकिंग अब 50 हजार में

**रायपुर,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** रायपुर विकास प्राधिकरण की अफोर्डेबल आवासीय योजना के अंतर्गत कमल विहार के सेक्टर 13 में 288 फ्लैट्स की बुकिंग अब 50 हजार रुपए में की जा सकती है। पहले बुकिंग की राशि रुपए 1.90 लाख रुपए थी जिसे प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुभाष धुप्पड़ की पहल पर प्राधिकरण संचालक मंडल ने कम किया है। इससे फलैट्स लेने वालों को काफी राहत मिलेगी। प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू ने बताया कि आठ मंजिलीय फ्लैट्स योजना में 3 बीएचके के 288 एलआईजी फ्लैट्स में आधुनिक सुविधाएं दी जाएगी। इसका बिल्टअप एरिया 812 वर्गफुट है। परिसर के चारो ओर बाऊन्ड्रीवाल होगी। प्राधिकरण व्दारा पहली बार अपनी फ्लैट्स की आवासीय योजना में कम्युनिटी हॉल व व्यायाम शाला की नई सुविधा दी जा रही है। यह आवासीय परिसर पूरी तरह कव्हर्ड सुरक्षित कैम्पस होगा। पानी की आपूर्ति हेतु हाइड्रोन्यूमैटिक तकनीक से 24 घंटे भूमिगत सम्पवेल के जलप्रदाय किया जाएगा। गंदे पानी की निकासी भूमिगत नालियों से होगी। बिजली की तारें भूमिगत होगी। अग्निशमन, लिफ्ट, उद्यान, पार्किंग और ड्राईव्हवे के लिए चौड़ी कांक्रीट की सड़कों का प्रावधान किया गया है।

### परमात्मा के अवतरण की यादगार है महाशिवरात्रि:ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी

**रायपुर,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित शान्ति शिखर भवन में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, गृह सचिव अरूण देव गौतम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह, क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बतलाया कि महाशिवरात्रि का पर्व परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का यादगार है। जब इस धरा पर चारों ओर अज्ञान अन्धकार छाया होता है तथा मनुष्यात्माएं काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं अहंकार रूपी विकारों के वशीभूत हो जाती हैं। तब ऐसे अतिधर्मग्लानि के समय पर मनुष्यों को निर्विकारी और पवित्र बनाने के लिए परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण इस धरा पर होता है। शिवरात्रि से सम्बन्धित रस्म-रिवाजों को स्पष्ट करते हुए उन्होंने बतलाया कि शिवलिंग पर पानी मिश्रित दूध और दही की धार टपकाने का अभिप्राय है कि हम अपनी बुद्धि का तार सतत् रूप से परमात्मा से जोड़कर रखें,



## कार्यशाला में वनों को आग से बचान के उपाय बताए

**नगरी/सांकरा,16 फरवरी।**

जंगल को आग से ?बचाने को लेकर परिक्षेत्र स्तरीय अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन वन विश्राम गृह सांकरा में किया गया। कार्य शाला में उपस्थित फायर वाचरों को टिप्स देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त तारम ने कहा कि अग्नि से वनों को सबसे अधिक नुकसान होता है, वनों से मनुष्य के महत्त्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति होती है, इसलिए हम सभी को जिम्मेदारी पूर्वक वनों के सुरक्षा के लिए हमेशा सजग रहना चाहिए, वनस्पतियां पेड़ पौधे प्रकृति का अनमोल उपहार है हमारे जन्म से लेकर मृत्यु तक हमें इनकी सहयोग मिलती है, वनों के बैगर हमारा काम नही चल सकता। भोजन पकाने के लिए लकड़ी, कृषि औजार हल बखर बीमारी के इलाज के लिए औषधि, दाह संस्कार के लिए लकड़ी ये सब हमे वनों से मिलती है, इनके बिना मानव जीवन अधूरा है, इस मौके पर अरसीकन्हार परिक्षेत्र के स्टाफ उपस्थित रहे

## आनंदम वर्ल्ड सिटी के आस्थावासियों ने मनाया वैलेंटाइन डे

**रायपुर16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** आनंदम वर्ल्ड सिटी के आस्थाअपार्टमेंट में 14 फरवरी की शाम वेलेंटाइन स्पेशल का आगाज़ हुआ, जिसमें रहवासियों नेअपने जीवन साथी के साथ जीवन सफर में उनकी मौजूदगी का खूब जश्न मनाया। ठंडी फाल्गुनीबहार की आहट में संगीत से सजी महफिल के बीच रहवासियों की शेरो-शायरी, गीत, गज़लों ने ऐसा समां बांधा कि देरशाम तक सतरंगी बयार चलती रही। बेस्ट प्रपोजल जैसे कांटेस्ट में शब्दों की बाज़ीगरी केबीच कॉलोनीवासी इस संगीत यामिनी को खुदरंग बनाते रहे। इस मौके पर सुषमा आशीष मिश्राको बेस्ट प्रपोज्ड कपल चुना गया। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था का संचालन श्री प्रदीप सेन गुप्ता के मार्गदर्शन में पूरा किया गया, वहीं ईश्वरी शर्मा, श्री मनोज चैनालिया,स्वतंत्र अग्रवाल, आनंद खरे, अंजन चौधरी, जीवन गिरहे, अंकित मिश्रा, दीपांकर विश्वास, हरमन सिंह, दीपांकर गायने, एस.के. चौरसिया, राजेश चौधरी, विनय विश्वकर्मा, अंजन चौधरी,विवेक अग्रवाल, महमूद आलम सहित कॉलोनीवासी सह परिवार उपस्थित रहें।



## ई-फार्मेसी के चलते देश के करोड़ों रिटेल केमिस्टों का व्यापार बुरी तरह प्रभावित:अमर पारवानी

**रायपुर,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि देश में अनेक बड़े विदेशी और देसी कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा की जा रही ऑनलाइन फ़ार्मेसी द्वारा ड्रग एवं कॉस्मैटिक क़ानून की लगातार अवहेलना करते हुए आपूर्ति की जा रही दवाइयों ने न केवल देश के करोड़ों थोक और खुदरा केमिस्टों के व्यापार को बुरी तरह प्रभावित किया है बल्कि उपभोक्ता विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण भारतीय उपभोक्ताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को खतरे में डालते जा रहे हैं। इस मुद्दे पर कन्फ़ेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को तत्काल प्रभाव से संज्ञान में लेने का आग्रह किया है। इस विषय की गंभीरता को देखते हुए कैट ने मार्च के पहले सप्ताह में देश के विभिन्न राज्यों की प्रमुख केमिस्ट एसोसिएशनों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया है। सम्मेलन इस मुद्दे पर भविष्य की कार्रवाई तय करेगा और इस बीच कैट का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया और वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल से मुलाकात करेगा और उन्हें देश में ई-फार्मेसियों के नियम एवं क़ानून के स्पष्ट उल्लंघन के बारे में अवगत कराएगा।



कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा की देश में दवाओं का निर्माण, आयात, बिक्री और वितरण औषधि और प्रसाधन सामग्री क़ानून और नियमों द्वारा नियंत्रित होता है। इस अधिनियम के नियम कड़े हैं और न केवल प्रत्येक आयातक, निर्माता, विक्रेता या दवाओं के वितरक के लिए एक वैध लाइसेंस होना अनिवार्य है, बल्कि यह भी अनिवार्य है कि सभी दवाओं को केवल एक पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा ही दिया जाए।

## पीएम आवास के नाम पर भाजपाई नौटंकी बंद करें:राजेंद्र

**रायपुर,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव एवम रायपुर विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर राजेन्द्र बंजारे ने भाजपाइयों के द्वारा पीएम आवास के नाम पर श्रीमती अनिता योगेंद्र शर्मा धरसींवा विधायक के कार्यालय घेराव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपाई पीएम आवास के नाम पर नोटंकी करना बंद करे क्योकि केंद्र की मोदी सरकार पीएम आवास में कटौती कर छत्तीसगढ़ को भेदभाव नीति अपनाई है भाजपाई कहि न कहि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को बर्दाश्त नहीं कर पा रही कांग्रेस सरकार को जनता ने जनादेश दिया है परंतु भाजपाई कभी राज्यपाल को राजनीति का अखाड़ा बनाती है कभी ईडी सीबीआई के नाम पर परेशान करती है भाजपाईओ को घेराव करना है तो अपने उन भाजपाई सांसदों का घेराव करें जिन्होंने चुपचाप बैठ कर छत्तीसगढ़ की पीएम आवास में कटौती करने दिया संसद में आवाज तक नहीं उठाई की पीएम आवास पर क्यो कटौती किया जा रहा है। पीएम आवास ग्रामीण के तहत 2 वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 22 23 में केंद्र सरकार ने कोई भी मकान स्वीकृत नहीं की ।केंद्र सरकार ने 7 लाख 81000 हजार 999 आवास का आवंटन रद्द किया है पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे कहा कि भाजपा अगर सच्चे में गरीबों की हितेषी है तो छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों का घेराव करें।



## भाजपा के सांसद चुप ना बैठें, छत्तीसगढ़ के हक का पैसा वापस दिलवाएं : इदरीस गांधी

**रायपुर ,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के आरोप को सच्चाई से परे आधारहीन करार दिया है. उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता अपना वजूद बनाए रखने की लड़ाई लड़ रहे हैं.इदरीस गांधी ने कहा कि डॉ. रमनसिंह ने ट्वीट करके आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास वापिस लौटाकर राज्य सरकार ने लाखों परिवार की छत छीन ली और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गर्त में डाल दिया है. उनके इस बयान पर हंसी आती है. छत्तीसगढ़ को केन्द्र से 35000 करोड़ रूपये लेने हैं लेकिन भाजपा नेता इस पर कुछ नहीं बोलते. भाजपा के सभी नौ सांसदों को केन्द्र से कहकर छत्तीसगढ़ के हक का पैसा तत्काल दिलाना चाहिए. श्री गांधी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास का 1500 करोड़ की दो किश्तें लगभग 3000 करोड़ रूपये बकाया है, जिसे केन्द्र सरकार को तत्काल देना चाहिए ताकि विकास योजनाएं तेजी से पूरी की जा सकें



## सपोर्टिंग हैंड्स के युवाओं ने 19 दिव्यांगों को जयपुर पैर लगाए

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर,16 फरवरी।** सेवाकार्य युवावस्था में ही करना चाहिए । बुढ़ापे या प्रौढ़वस्था का इंतज़ार नही करना चाहिए । कल किसने देखा है , अगले पल क्या होगा कोई बता नही सकता , इसलिए अच्छे कार्य , सेवा , धार्मिक कार्य जब मन हो तब ही कर लेना चाहिए , उक्त उदगार श्री नेमीचंद सोनी ने श्री विनय मित्र मण्डल के स्थायी वर्कशॉप में सपोर्टिंग हैंड्स ने स्व विजय सोनी स्मृति में जयपुर पैर वितरण अवसर पर व्यक्त किए । समारोह में नेमीचंद सोनी परिवार की सौजन्यता से 19 पैर कटे दिव्यांगों को जयपुर पैर



वितरित किए गए । विगत एक सप्ताह से पचपेड़ी नाका महावीर सेवा सदन में ठहरे दिव्यांगों के आवास व भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा निःशुल्क की जाती है । शिविर में हरीश कोसले खैरागढ़ , मैनून बीबी रामानुजगंज , नेमन दास दुर्ग , राम मार्कण्डे गरियाबंद , परमेश्वर भिलाई , मनोज महिलांग कोरबा , पुनीत कोसले बलौदाबाजार , रमेश साहू पाटन , योगेश भुआर्य राजनांदगांव , कुमारी निषाद भाटापारा , रवि ध्रुव राजिम , ज्ञानेश्वर बंजारे खरोरा , दिनेश पटेल कुसमूंदा , अंजनी सोनी रायपुर , केसर पटेल मगरलोड , निलेश्वर पैकरा जशपुर , बाबू मरकाम बलरामपुर , नंद यादव भाटापारा , रंजीत सिंग अम्बिकापुर , को सपोर्टिंग हैंड्स के सदस्यों द्वारा जयपुर पैर वितरित किए गए । जयपुर पैर वितरण समारोह में श्री विनय मित्र मण्डल के अध्यक्ष महावीर मालू , उपाध्यक्ष राजेश कानुगा , पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर , खेमराज बैद , गौरव कोचर , नेमीचंद सोनी , विवेक सोनी , सी ए विजय गोलछा , नेहल जैन , सौमित्र बाजपेयी , सौरभ बैद , प्रियंक झाबक , मधुर बैद , वसीम आलम , अंकित आहूजा , प्रथम सोनी , पीयूष कोठारी , प्रथम जैन , यश सोनी , मौलिक भंसाली , अजय , संजय , रवि सोनी उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन सी ए विजय गोलछा ने किया ।

## जूनियरों ने सीनियरों की विदाई के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

**राजनांदगांव ,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** वार्षिक परीक्षा से पूर्व अपने अंतिम दिनों की पढ़ाई कर रहे कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने आज अपने लिए आयोजित किए गए विदाई समारोह कार्यक्रम में शाला प्राचार्य संजय गार्डिया को साउंड सिस्टम गिफ्ट के रूप में प्रदान किया । कॉलर माइक सहित एंपलीफायर प्राचार्य को प्रदान कर विद्यार्थियों ने अपनी अमिट यादों को पर लगाए । वेसलीयन हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक शाला में आज कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया



। उक्त अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं तथा छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम को आगाज देते हुए सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेसलीयन अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य अजीत स्कॉट प्राचार्य संजय गाड़ियां एकेडेमिक हेड डॉ. सूर्यकांत मिश्रा तथा हेड मिस्ट्रेस श्रीमती जे साहू ने दीप प्रज्वलित किया । इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उद्बोधन की शुरुआत शाला प्राचार्य संजय गार्डिया से की गई उन्होंने विगत 2 वर्षों में बच्चों के व्यवहार में आए परिवर्तन को अब दूर करने की महती जरूरत पर बल दिया ।

## कार्यशाला में पारंपरिक हस्तशिल्प की जानकारी दी

**रायपुर,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर (संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार) एवं संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा बस्तर जिला के ग्राम एर्राकोट विकासखंड तोकापाल में दिनांक 31 जनवरी 2023 से 9 फरवरी 2023 तक पारंपरिक हस्तशिल्प की 10 दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई । 9 फरवरी को प्रातः 11 बजे ग्राम एर्राकोट में आयोजित समापन समारोह में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के क्षेत्र प्रमुख अनिल जोशी बिलासपुर , महामंत्री हेमन्त माहुलीकर कोरबा , लोक कला विधा संयोजक रिखी राम क्षत्रिय भिलाई



, सह महामंत्री एवं कार्यशाला समन्वयक डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर रायपुर एवं कार्यशाला सह समन्वयक रामेश्वर केवट चांपा उपस्थित थे । इस कार्यशाला में 10 महिला एवं 10 पुरुष प्रशिक्षार्थी 10 दिनों तक ढोकरा शिल्प (बेल मेटल) निर्माण की बारीकियों से अवगत हुए । शिल्प निर्माण की प्रक्रिया के दौरान मोम का धागा निकालना , कछुआ ,हिरण, आदिवासी पुरुष - महिला ,सूर्य आदि शिल्प के निर्माण में मोम के धागे से कलाकृतियों पर कलाकारी करना उसके ऊपर मिट्टी का लेप लगाना , प्रत्येक कृति के नीचे पीतल धातु के टुकड़ों को व्यवस्थित जमाना , भट्टी तैयार करके उन कृतियों को उसमें गर्म करना इन सारी प्रक्रियाओं से भी अवगत हुए । उल्लेखनीय है कि पीतल मेटल का गलनांक लगभग 930 डिग्री सेंटीग्रेड होता है । कारीगरों द्वारा निर्मित उस छोटी सी भट्टी में 930 डिग्री सेल्सियस तापक्रम बनाए रखने के लिए विशेष प्रकार की अक्साई लकड़ी और कोयला का उपयोग किया जाता है । महत्वपूर्ण बात यह है कि शिल्प निर्माण की कार्यशाला में अधिकांश युवक युवतियों ने हिस्सा लिया ।

## मुख्यमंत्री महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अभा हॉकी प्रतियोगिता समारोह में होंगे शामिल

**राजनांदगांव ,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में आज दोपहर 2 बजे अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित 79वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2022-23 के फायनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल बूढ़ासागर स्थित छत्रपति शिवाजी पार्क में छत्रपति शिवाजी की मूर्ति का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को 4 करोड़ 70 लाख 47 हजार 988 रूपए का चेक एवं छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान करेंगे।

## अच्छे दिन का सपना दिखाकर जनता को ठग रही मोदी सरकार:कुलबीर

**राजनांदगांव,16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस की विचार धारा व राहुल गांधी जी के मंशानुरूप शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 14 फरवरी मंगलवार को भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य व छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितकारी योजनाओं व 4 साल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से दे रहे है। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी के आदेशानुसार व शहर जिला कांग्रेस प्रभारी श्री अरूण सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार छग अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त राजनांदगांव शहर प्रभारी श्री धनेश पाटिला, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन व दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी श्रीकिशन खंडेलवाल के सानिध्य व दक्षिण ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में 14 फरवरी मंगलवार को दक्षिण ब्लॉक के वार्ड 39 बूथ 119, 120 व 121 के गौरव पथ के मेजर ध्यानचंद प्रतिमा के सामने से निकली जो सागर पारा, ढीमरा पारा होते हुए पटेल पारा, ढुलेपारा, रमन नगर, बांसपाई पारा, दुर्गा चैक, किल्लापारा होते हुए दिग्विजय कालेज के सामने यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान पार्षद शरद पटेल, बूथ अध्यक्ष दुर्गेश धीवर, दुर्गा देवांगन, सुरेश यादव सक्रिय भूमिका निभाते हुए राहुल गांधी जी यात्रा का उद्देश्य व छत्तीसगढ़ की योजनाओं की दे रहे जानकारी यात्रा लगभग 6 किलोमीटर तक चली। वार्डवासियों को राहुल गांधी जी का संदेश व छत्तीसगढ़ सरकार उपलब्धियां बताते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि 15 साल तक भाजपाइयों के भ्रष्टाचार के कारण छत्तीसगढ़ अपनी विरासत को भूल चुका था। किन्तु जैसे ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आयी छत्तीसगढ़ की परंपरा, कला, संस्कृति को संवारने का कार्य किया वहीं किसान भाईयों को सुदृढ़ बना रही है वहीं कर्मचारियों की वर्षो पुरानी मांग पेंशन को बहाल किया इसी तरह हर वर्ग के लिए योजनाएं चला रही है।दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी श्रीकिशन खंडेलवाल ने केन्द्र सरकार को आडे हाथ लेते हुए कहा कि अच्छे दिन का सपना दिखाकर आज देश की जनता को रूला रही है। शुक्र है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है जिसके कारण प्रदेशवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार अनेक जनहितकारी योजनाएं चला रही है और उसका लाभ भी प्रदेश की जनता को मिल रहा है।यात्रा के नेतृत्वकर्ता दक्षिण ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि माननीय राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश को जोड़ने का काम किया हम कांग्रेसजन उसी तर्ज पर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से उनका उद्देश्य एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं व चार साल की ऐतिहासिक उपलब्धियां को साझा कर रहे है।

## संपादकीय

# बीबीसी भारत विरोधी मीडिया है

देश के दुश्मन को देश के सभी लोग अपना दुश्मन मानते हैं। राजनीति मे ऐसा नहीं होता है। राजनीति मे दुश्मन का दुश्मन अपना दोस्त माना जाता है यही वजह है कि इस देश का विपक्ष देश के दुश्मनों के साथ खड़ा दिखता है। उनके सुर मे सुर मिलाता दिखता है। ऐसा नहीं है कि विपक्ष जानता नहीं है कि दुश्मन देश को कोई फायदा नहीं पहुंचाने वाला है, उसके बाद भी वह सिर्फ इसलिए दुश्मन देश के साथ खड़ा हो जाता है कि इससे मोदी सरकार की छवि खराब होगी तो उसे राजनीतिक फायदा होगा। राजनीतिक फायदे के लिए विपक्ष का देश को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के साथ खड़ा होना देश के लिए व देश के लोगों के लिए चिंता की बात है। विपक्ष को इस बात की कोई चिंता नहीं है। उसे मतलब सिर्फ अपने राजनीतिक लाभ से है, भले ही वह देश को नुकसान पहुंचाने से मिले। कौन नहीं जानता है कि बीबीसी भारत विरोधी मीडिया है। वह कई दशकों से भारत का विरोध करता रहा है, दुनिया में भारत को बदनाम करता रहा है, भारत की छवि को खराब करता रहा है। इस बार भी उसने यही किया है। उसने गुजरात दंगे पर एक डाक्यूमेंट्री बनाई । उसी के देश के लोगों सहित दुनिया के कई देशों के नेताओं ने कहा कि इस डाक्यूमेंट्री का मतलब भारतीय पीएम मोदी की छवि को खराब करना है। ऐसे में स्वाभाविक था कि सरकार इस पर बैन लगाती। बैन लगाने पर कांग्रेस ने विरोध किया तथा कहा कि सरकार अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक लगा रही है। कांग्रेस से जुड़े छात्र संगठनों ने देश में बैन डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया। जैसे तैसे यह मामला शांत हुआ। मंगलवार को आयकर चोरी के मामले में कई बार नोटिस देने के बाद बीबीसी ने कोई जवाब नहीं दिया तो आईटी ने उसके दिल्ली व मुंबई के दफ्तरों में सर्वे किया। कांग्रेस ने इसका विरोध किया और कहा कि देश में अघोषित आपातकाल की कार्रवाई बताया। कांग्रेस सहित विपक्ष के कई नेताओं का मानना है कि बीबीसी ने गुजरात दंगों पर डाक्यूमेंट्री बनाई इसलिए उसके दफ्तरों पर आईटी ने कार्रवाई की है। यह बीबीसी सहित सरकार की आलोचना करने वाले मीडिया को डराने की कोशिश है।बीबीसी खुद ऐसा नहीं कह रही है, ब्रिटिश सरकार ऐसा नहीं कह रही है लेकिन यहां के मीडिया से संगठन ऐसा कह रहे हैं । इससे साफ जाहिर है कि यहां का मीडिया का एक हिस्सा जो हर मोदी विरोधी के साथ खड़ा हो जाता है तथा उसे अच्छा व मोदी सरकार को बुरा कहता है। कोई इस बात की आलोचना नहीं कर रहा है कि बीबीसी ने टैक्स चोरी की है तो गलत किया है। बीबीसी टैक्स चोरी करेगा तो क्या आईटी को उसे छोड़ देना चाहिए, बीबीसी भारत में काम कर रहा है तो उसे भारत के कानून का पालन करना होगा। उसे इस डर से तो टैक्स चोरी की छूट नहीं दी जा सकती है कि वह मोदी विरोधी है। मोदी विरोधी है तो उस के खिलाफ किसी तरह का कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। बीबीसी हो या कोई और अगर उसने कानून के खिलाफ काम किया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई तो होनी ही चाहिए। बीबीसी पर कार्रवाई का विरोध वह कांग्रेस कर रही है जिसके समय में बीबीसी पर बैन लगा दिया गया था था यहां के स्टाफ को जान को कह दिया गया था। वहीं कांग्रेस अभिव्यक्ति की आजादी की बात कर रही है जिसके सांसदों ने अपनी सरकार से मांग की थी कि देश में बीबीसी को बैन कर देना चाहिए क्योंकि यह भारत विरोधी है, यह दुनिया में देश की छवि खराब करता है। मोदी सरकार को इंदिरा गांधी की सरकार से ज्यादा उदार है। उसने गुजरात दंगों पर डाक्यूमेंट्री बनाई तो मोदी सरकार ने बीबीसी को बैन नहीं किया। उसकी डाक्यूमेंट्री को बैन किया। इस देश का विपक्ष को अपनी यह आदत सुधारनी चाहिए कि मोदी विरोध के नाम पर वह आतंकवादी,देश विरोधी लोगों, संगठनों के साथ खड़ा हो जाता है। वह सोचता है कि यह मोदी सरकार को नुकसान पहुंचाने वाले हैं, इसलिए हमारे दोस्त हैं। वह भूल जाते हैं कि जो मोदी विरोधी है वह देश विरोधी भी हैं। वह मोदी को नुकसान पहुंचाने के बहाने देश को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। ऐसे में विपक्ष को उनके साथ खड़े होने की जगह देश के साथ खड़ा होना चाहिए। अफसोस है कि कुछ विपक्षी दल ऐसा नहीं करते हैं। इससे देश विरोधी ताकतों को देश मे अराजकता फैलाने का मौका मिलता है, इस अराजकता से देश के लोगों व देश को नुकसान ही हुआ है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज का दिन विपरीत फल देने वाला रहेगा। पूर्व निर्धारित योजनाएं अधूरी या असफल हो सकती है। कार्य क्षेत्र पर मनमानी के कारण आर्थिक हानि होगी। आज आप बिना विचारे कोई भी कार्य ना करें। स्वाभाव में जल्दबाजी अधिक रहेगी। सरकारी कार्यो में भी विलम्ब होगा। सामाजिक क्षेत्र पर अधिक बोलने से बचें। विरोधी आज आपकी गलती खोजने के लिए तैयार रहेंगे।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आपका आज का दिन छोटी मोटी उलझनों को छोड़ सामान्य ही रहेगा। व्यवस्तता अधिक रहने से पारिवारिक आवश्यकताओ पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। सेहत की अनदेखी करना आगे भारी पड़ सकता है। काम धंधा मे पहले से सुधार आएगा धन सम्बंधित कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे परंतु इसके लिए दिमागी कसरत करनी पड़ेगी।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज परिस्थितियां आपकी आशाओं के अनुकूल रहेंगी परन्तु आज किसी विशेष व्यक्ति द्वारा भ्रम की स्थिति बनाने से असमंजस में पड़ सकते है। बिना विचारे कोई भी कार्य ना करें छोटी सी भूल लाभ को हानि में बदल सकती है। संध्या के समय स्वजनों के सहयोग से भ्रम से बाहर निकलेंगे। आर्थिक आयोजन करने के लिए भी यह समय उपयुक्त रहेगा आकस्मिक लाभ होगा। महिला मित्रो के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज के दिन आपका स्वास्थ्य उत्तम रहने से मानसिक रूप से किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। अपनी पुरानी योजनाओं को सिरे चढ़ायेंगे परिस्थितियां भी आपके साथ रहने से कार्यो में सफलता सुनिश्चित रहेगी। व्यवहार में थोड़ा रूखापन रहने से बीच-बीच में व्यवधान भी आएंगे परन्तु इनसे पार पा लेंगे।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज के दिन का पहला भाग कुछ परेशानी वाला रहेगा। कहीं से कोई भी आशा नहीं दिखने से बेचैन रहेंगे। घर का वातावरण अशान्त रहने से मानसिक स्थिति बिगड़ेगी क्रोध में आकर कोई निर्णय ना ले बाद में पश्चाताप होगा। दोपहर के बाद स्थिति में सुधार आने लगेगा। परिजनों की ही सहायता अथवा मार्गदर्शन से बिगड़े काम बनेंगे। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलने से आर्थिक समस्या सुलझेंगी लेकिन आज खर्च सोच समझ कर ही करें।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज के दिन आपमें उतावलापन अधिक रहेगा जिसके कारण समस्याएं सुधरने की जगह और गहरी हो सकती है। नए कार्य का आरम्भ आज ना करें। किसी के जमानती भी ना बने। सेहत में उतार चढ़ाव आने से कार्य क्षेत्र पर उदासीनता रहेगी फिर भी खर्च लायक लाभ होने से स्थिति बराबर रहेगी। परिवार के बुजुर्गो की राय अवश्य लें। किसी पारिवारिक सदस्य के कारण सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज दिन का पहला भाग आलस्य के कारण बेकार हो सकता है। लेट-लतीफी के कारण कार्य बिगड़ने की संभावना है। कार्य क्षेत्र पर अधूरे कार्यो को लेकर परेशानी में पड़ सकते है फिर भी धन लाभ के योग है मध्यान के बाद अधिकांश कार्य आपके परिश्रम से सुधरने लगेंगे। रिश्तेदारी के व्यवहार से लाभ होने की सम्भवना है परन्तु पहले खर्च भी करना पड़ेगा। सहकर्मियों से पहले नाराजगी रहेगी बाद में स्थिति सामान्य हो जायेगी।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज भी दिन आपकी आशाओं की पूर्ति कराने वाला रहेगा। दिन भर मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे। झगड़ो को टालने के लिए छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। कार्य क्षेत्र पर परिश्रम के अनुसार लाभ मिलेने से संतोष रहेगा। नए कार्यो में निवेश कर सकते है। पैतृक संपत्ति के मामलो में उलझने रहेंगी परन्तु पारिवारिक सदस्यों में आपसी सामंजस्य बना रहेगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा। घर एवं बाहर आज विवेक से कार्य करें। आर्थिक समस्याओं को लेकर भविष्य की चिंता सताएगी। परिजन भी आज आपके रूखे व्यवहार के कारण दूरी बना कर रखेंगे। कार्य क्षेत्र पर भी व्यवहारिकता की कमी के चलते लाभ होते होते हाथ से निकल जाएगा। दवाओं पर खर्च करना पड़ेगा। छाती में संक्रमण अथवा गले सम्बंधित परेशानी रहेगी। सन्तानो से स्वार्थयुक्त सम्बन्ध रहेंगे।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज का दिन सभी प्रकार से लाभ देने वाला रहेगा परन्तु आज आपको किसी अच्छे मार्गदर्शक की आवश्यकता पड़ेगी। व्यवहार में गर्मी रहने से बीच-बीच में वातावरण अशान्त भी हो सकता है। सहकर्मियों की लापरवाही भी विवाद का कारण बनेगी परन्तु धन लाभ आज अवश्य होगा। परिजनो की इच्छा पूर्ती करने से घर में सुख शांति रहेगी।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज के दिन आप राहत का अनुभव करेंगे। कार्यो को लेकर पहले थोड़ा आशंकित रहेंगे परन्तु एक बार सफलता मिलने पर यही क्रम दिन भर बना रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बेहद खास रहेगा परन्तु उधार के व्यहार आज ना ही करें तो बेहतर रहेगा। नौकरी पेशा जातक आज भी व्यस्तता के चलते घर में आलोचना का शिकार बनेंगे लेकिन सामाजिक स्तर पर आपकी छवि निखरेगी। स्वास्थ्य थोड़ा नरम रहेगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ज, दे, दो, चा, ची)**-आज का दिन आपके लिए थोड़ा राहत वाला रहेगा लेकिन फिर भी कार्यो के प्रति लापरवाही दिखाएंगे फलस्वरूप महत्त्वपूर्ण कार्य अधूरे रहंगे एवं लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते है। मौज-शौक के प्रति आज अधिक आकर्षण रहेगा फिजूल खर्च बढ़ेंगे। सरकार की तरफ से कोई परेशान करने वाला समाचार मिल सकता है। यात्रा-पर्यटन की योजना बनेगी।

# रामकृष्ण परमहंस ब्रह्मर्षि और देवर्षि थे

## जयन्ती-18 फरवरी

**ललित गर्ग**





भारत का जन-जन एवं कण-कण रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना का साक्षी है, उनकी गहन तपस्या के परमाणुओं से अभिषिक्त है। यहां की माटी और हवाएं धन्य हैं जो इस भक्ति और साधना के शिखरपुरुष के योग से आप्लावित है। वे संसार के पूर्णत्व को जो प्राप्त हैं, उनका जीवन ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं भक्तियोग का समन्वय था। वे एक महान संत, शक्ति साधक तथा समाज सुधारक थे। इन्होंने अपना सारा जीवन निःस्वार्थ मानव सेवा के लिये व्यतीत किया, इनके विचारों का न केवल बंगाल के बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के बुद्धिजीवियों पर गहरा सकारात्मक असर पड़ा तथा वे सभी इन्हीं की राह पर चल पड़े। उन्होंने भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित करने की जागृत प्रेरणा दी। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। अध्यात्म और संस्कृति के वे प्रतीकपुरुष हैं। जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई।

श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत के हुगली जिले के कामारपुकुर ग्राम में हुआ था। इनके पिताजी का नाम खुदीराम चट्टोपाध्याय तथा माता का नाम चंद्रमणि देवी था। गदाधर के जन्म के पहले ही उनके माता-पिता को कुछ अलौकिक लक्षणों का अनुभव होने लगा था, जिसके अनुसार वे यह समझ गए थे कि कुछ शुभ होने वाला हैं। इनके पिता ने सपने में भगवान विष्णु को अपने घर में जन्म लेते हुए देखा तथा माता को शिव मंदिर में ऐसा प्रतीत हुआ कि एक तीव्र प्रकाश इनके गर्भ में प्रवेश कर रहा हैं। बाल्यकाल, यानी 7 वर्ष की अल्पायु में इनके पिता का देहांत हो गया तथा परिवार के सम्मुख आर्थिक संकट प्रकट हुआ, परन्तु इन्होंने कभी हार नहीं मानी। श्री रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मों और जातियों की एकता तथा समानता हेतु जीवनभर कार्य किया, परिणामस्वरूप इन्हें राम-कृष्ण नाम सर्व साधारण द्वारा दिया गया एवं इनके उदार विचार एवं व्यापक सोच, जो सभी के प्रति समभाव रखते थे, इसी कारण उन्हें परमहंस की उपाधि प्राप्त हुई।

श्री रामकृष्ण परमहंस की बचपन से ही ईश्वर पर अडिग आस्था थी, ईश्वर के अस्तित्व को समस्त तत्वों में मानते थे तथा ईश्वर के प्राप्ति हेतु इन्होंने कठोर साधना भी की, ईश्वर प्राप्ति को ही सबसे बड़ा धन मानते थे। अंततः इन्होंने सभी धर्मों को एक माना तथा ईश्वर प्राप्ति हेतु केवल अलग-अलग मार्ग सिद्ध किया। अपने विचारों से सर्वदा, सभी धर्मों के मेल या भिन्न-भिन्न धर्मों को मानने वालों की एकता में इन्होंने अपना अहम योगदान दिया। वे माँ काली के परम भक्त थे, अपने दो गुरुओं योगेश्वरी भैरवी तथा तोतापुरी के सान्निध्य में इन्होंने सिद्धि प्राप्त की, ईश्वर के साक्षात् दर्शन हेतु कठिन तप किया एवं सफल हुए। इन्होंने मुस्लिम तथा ईसाई धर्म की भी साधनाएँ की और सभी में एक ही ईश्वर को देखा। उनकी भक्ति एवं साधना ने हजारों-लाखों को भक्ति-साधना के मार्ग पर अग्रसर किया। उनके जादुई हाथों के स्पर्श ने न जाने कितने व्यक्तियों में नयी चेतना का संचार हुआ, उन जैसे आत्मद्रष्टा ऋषि के उपदेशों का अचिन्त्य प्रभाव असंख्य व्यक्तियों के जीवन पर पड़ा। उनके प्रेरक जीवन ने अनेकों की दिशा का रूपान्तरण किया। उनकी पावन सन्निधि भक्ति, साधना एवं परोपकार की नयी किरणें बिखेरती रही अतः वे साधक ही नहीं, साधकों के महानायक थे। वे ब्रह्मर्षि और देवर्षि थे- साधना-भक्ति के नये-नये प्रयोगों का आविष्कार किया इसलिये ब्रह्मर्षि और ज्ञान का प्रकाश बांटते रहे इसलिये देवर्षि। रामकृष्ण परमहंस ने अपना ज्यादातर जीवन एक परम भक्त की तरह बिताया। वे काली के परम भक्त थे। उनके लिए काली कोई देवी नहीं थीं, वह एक जीवित हकीकत थी। काली उनके सामने नाचती थीं, उनके हाथों से खाती थीं, उनके बुलाने पर आती थीं और उन्हें आनंदविभोर छोड़ जाती थीं। ऐसी चमत्कारी एवं अविस्मरणीय घटनाएं उनके साथ अक्सर घटित होती थी। जब उनके भीतर भक्ति प्रबल होतीं, तो वे आनंदविभोर हो जाते और नाचना-गाना शुरू कर देते।

जब वह थोड़े मंद होते और काली से उनका संपर्क टूट जाता, तो वह किसी शिशु की तरह रोना शुरू कर देते। उनकी चेतना इतनी ठोस थी कि वह जिस रूप की इच्छा करते थे, वह उनके लिए एक हकीकत बन जाती थी। इस स्थिति में होना किसी भी इंसान के लिए बहुत ही सुखद होता है। हालांकि उनका शरीर, मन और भावनाएं परमानंद से सराबोर थे, मगर उनका अस्तित्व इस परमानंद से परे जाने के लिए बेकरार था। उनके अंदर कहीं-न -कहीं एक जागरूकता थी कि यह परमानंद अपने आप में एक बंधन है।अत्यधिक भक्ति एवं मंदिर में हर समय ध्यान मग्न रहने के कारण, कुछ लोगों ने यह भ्रम फैला दिया कि गदाधर पागल हो गए या उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया हैं। परिणामस्वरूप, इनकी माता तथा बड़े भाई ने इनका विवाह करने का निश्चय किया, उनकी धारना थी कि विवाह पश्चात के कर्तव्य के पालन हेतु इनका मानसिक संतुलन ठीक हो जायेगा। सन् 1859 में 23 वर्ष की आयु में 5 वर्ष की आयु वाली कन्या शारदामनि मुखर्जी से गदाधर का विवाह सम्पन्न हुआ, वे दोनों ही संन्यासी जीवन व्यतीत करते थे। मायके से कोलकाता आने के पश्चात शारदा देवी ने अपने पति गदाधर से पूछा- आपकी कोई संतान नहीं होगी क्या? गदाधर ने उत्तर दिया इस संसार के सभी प्राणी तुम्हारे और मेरे संतान हैं, तुम तो अनगिनत संतानों की माता हो।एक दिन उनके गुरु तोतापुरी रामकृष्ण के पास आए और उन्हें समझाने की कोशिश की, 'आप क्यों सिर्फ अपनी भक्ति में ही इतने लीन हैं? आपके अंदर इतनी क्षमता है कि चरम को छू सकते हैं।' रामकृष्ण बोले, 'मैं सिर्फ काली को चाहता हूं, बस।' वह एक बच्चे की तरह थे जो सिर्फ अपनी मां को चाहता था। इससे बहस करना संभव नहीं था। यह बिल्कुल भिन्न अवस्था होती है। रामकृष्ण काली को समर्पित थे और उनकी दिलचस्पी सिर्फ काली में थी। वे दक्षिणेश्वर के मंदिर में विद्यमान काली-प्रतिमा या विग्रह में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड देखते थे। वे योग तथा तंत्र पद्धति में पारंगत साधक तो थे ही, साथ ही उन्होंने श्रद्धा भाव-भक्ति युक्त साधना, भक्ति पर विशेष बल दिया तथा प्रचार भी किया।

रामकृष्ण परमहंस सिद्ध संतपुरुष थे, सिद्धि प्राप्ति के पश्चात, उनकी ख्याति दूर-दूर तक फैली तथा बहुत से बुद्धिजीवी, संन्यासी एवं सामान्य वर्ग के लोग उनके संसर्ग हेतु दक्षिणेश्वर काली मंदिर आने लगे। सभी के प्रति उनका स्वभाव बड़ा ही कोमल था, सभी वर्गों तथा धर्मों के लोगों को वे एक सामान ही समझते थे। वास्तव में ऐसा कुछ भी नहीं होता था जो परमहंसजी नहीं जान पाते थे, माँ काली की कृपा से वे त्रिकालदर्शी महापुरुष बन गए थे। रूढ़िवादी परम्पराओं का त्याग कर, उन्होंने समाज सुधार में अपना अमूल्य योगदान दिया। ईश्वरचंद्र विद्यासागर, विजयकृष्ण गोस्वामी, केशवचन्द्र सेन जैसे बंगाल के शीर्ष विचारक उनसे प्रेरणा प्राप्त करते थे। इसी श्रेणी में स्वामी विवेकानंद उनके प्रमुख शिष्य थे, उनके विचारों तथा भावनाओं का स्वामीजी ने सम्पूर्ण विश्व में प्रचार किया तथा हिन्दू सभ्यता तथा संस्कृति की अतुलनीय परम्परा को प्रस्तुत किया।

स्वामीजी ने परमहंस जी के मृत्यु के पश्चात रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो सम्पूर्ण विश्व में समाज सेवा, शिक्षा, योग, हिन्दू दर्शन पर आधारित कार्यों में संलग्न रहती हैं तथा प्रचार करती हैं, इनका मुख्यालय बेलूर, पश्चिम बंगाल में हैं। रामकृष्ण परमहंस, ठाकुर नाम से जाने जाने लगे थे, बंगाली में ठाकुर शब्द का अभिप्राय ईश्वर होता हैं, सभी उन्हें इसी नाम से पुकारने लगे थे। सचमुच रामकृष्ण परमहंस ने अपने प्रत्येक क्षण को जिस चैतन्य, प्रकाश एवं अलौकिकता के साथ जीया, वह भारतीय ऋषि परम्परा के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने स्वयं ही प्रेरक जीवन नहीं जीया, लोकजीवन को ऊंचा उठाने का जो हिमालयी प्रयत्न किया है, वह भी अद्भुत एवं विस्मयकारी है। ऐसे दिव्य संतपुरुष को उनके जन्म दिवस पर श्रद्धासुमन समर्पित है।

# दम तोड़ती सर्वेश्वर दास हॉकी

## चर्चित मुद्दा

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

राजनांदगांव की सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता केवल अंचल में ही नहीं वरन पूरे देश में जानी जाती है । विगत 2 वर्षों में कोरोना काल के चलते हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया । अब जब फरवरी 2023 में इस शानदार प्रतियोगिता का 79 वां साल हमारे सामने है , हमने इसमें काफी उतार-चढ़ाव होते देखा है । न जाने क्यों ऐसा लगने लगा है कि शानदार रोमांच पैदा करने वाली इस प्रतियोगिता का दम फूल चुका है । ना जाने कब यह दम तोड़ बैठे ! वैसे भी राजनांदगांव शहर हॉकी की नर्सरी के नाम से जाना जाता रहा है । एक नहीं अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को पैदा करने वाली हॉकी नर्सरी को दीमक चट कर रहे हैं । आज 16 फरवरी को 79 वें महंत सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जाना है । जब इस मैच का निमंत्रण कार्ड मेरे हाथों में पहुंचा मुझे लगा यह निमंत्रण कार्ड नहीं बल्कि एक लंबी मतदाता सूची है । सबसे बड़े दुख की बात है कि लगभग तीन दर्जन जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के नाम से सुसज्जित इस आमंत्रण कार्ड में कहीं भी किसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का नाम मुझे दिखाई नहीं पड़ा । खेलो और खिलाड़ियों का आयोजन हो और उसमें नामी खिलाड़ियों को ही स्थान प्रदान न किया जाए तो यह वास्तव में चिंता का विषय होना चाहिए । हाकी के लिए अपना सब कुछ लगा देने वाले भी आमंत्रण कार्ड में स्थान नहीं पा सके हैं ।

जहां तक मैंने अपने शहर के महंत सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता को जाना है । मैंने यही पाया है कि हमेशा से इस प्रतियोगिता में अपना सब कुछ लगाने वालों को शुरुआती दौर में स्थान मिलता रहा है । म्युनिसिपल स्कूल के चट मैदान में शुरू किए गए महंत सर्वेश्वर दास हाकी प्रतियोगिता के रोमांच को शायद आज राजनांदगांव का बच्चा-बच्चा याद कर बिलख उठेगा । हॉकी का यह सफर शानदार दिनों का सपना संजोए घास के मैदान दिग्विजय स्टेडियम तक का सफर पूरा किया । उन दिनों दिग्विजय स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता की शुरुआत दिसंबर माह में हुआ करती थी । तब लगभग माह भर पूर्व से ही शहर का हर मैदान हॉकी खिलाड़ियों से सजा दिखाई पड़ता था । सामान्यत: 25 दिसंबर से 1 और 2 जनवरी के बीच खेली जाने वाली प्रतियोगिता में शीतकालीन छुट्टी होने से खिलाड़ियों को आवास स्थान के नाम पर म्युनिसिपल स्कूल में रुकवाया जाता था । साथ ही सत्यनारायण धर्मशाला और अन्य ऐसे ही स्थानों पर हमारे यहां पहुंचने वाले जांबाज बिना किसी विरोध के रुका करते थे । आज समय बदला है और हमारी हॉकी घास के मैदान से लेकर इंटरनेशनल एस्ट्रो टर्फ के मैदान तक पहुंच चुकी है, किंतु जैसा सपना खिलाड़ियों के मन में उछाल मार रहा था वैसा कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है । हॉकी के दिन फिरने के स्थान पर हॉकी की सांसे थम रही है ।

मैं याद कर रहा हूं अपने उन दिनों को जब मैं खुद हॉकी खेला करता था और सर्वेश्वर दास हॉकी टूर्नामेंट के मैचों में मेरी सहभागिता भी हुआ करती थी । यह वह दौर था जब दिग्विजय स्टेडियम में मैच देखने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में मासिक सीजन टिकट बेची जाती थी । पूरे सप्ताह भर के मैचों के रोमांच को देखने के लिए गैलरी से लेकर मैदान के नीचे तक अलग-अलग सीजन टिकट का विक्रय हुआ करता था । इतना ही नहीं मैच देखने पहुंचे लोगों को अपना सीजन टिकट गैलरी में तैनात टिकट जांच करने वालों को दिखाना पड़ता था और वे उस दिन के मैच की तारीख पर राइट का निशान लगाया करते थे । बिना सीजन टिकट के कोई भी गैलरी में स्थान नहीं पा सकता था । बड़ा गर्व होता है उन दिनों को सोचकर जब लोग टिकट लेकर भी मैच को देखा करते थे । आज ठीक इसका उल्टा है नगर निगम और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाने वाली महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध महंत सर्वेश्वर दास झांकी प्रतियोगिता में अब ना तो टिकट लगाई जा रही है और ना ही किसी प्रकार का शुल्क लिया जा रहा है, बावजूद इसके दर्शकों के लाले पड़े हुए हैं । आज जब प्रतियोगिता का अंतिम मैच खेला जाना है , प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री तथा विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष , उपाध्यक्ष सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रण कार्ड में स्थान दिया गया है । उक्त आमंत्रण कार्ड को लेकर सवाल पैदा हो रहे हैं । राजनांदगांव की पहचान महंत सर्वेश्वरदास प्रतियोगिता हॉकी को प्यार करने वालों से दूर राजनीति का अखाड़ा बन चुकी है । आज जिला कलेक्टर डोमन सिंह तथा महापौर श्रीमती हेमा देशमुख द्वारा जारी किया गया आमंत्रण कार्ड कई सवाल पैदा कर रहा है । आमंत्रण कार्ड में राजनांदगांव की जानी-मानी हस्तियों को स्थान नहीं दिया गया है । जिस हॉकी का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है उसी हॉकी के जांबाज खिलाड़ियों को याद ना करना एक प्रकार से यह माना जा सकता है कि उन्हें हॉकी खिलाड़ियों की नहीं बल्कि राजनीति के तिकड़म बाजों की जरूरत है ? राजनांदगांव में महंत सर्वेश्वर दास हॉकी को लेकर उत्साह के चरम को इस बात से समझा जा सकता है कि बीएनसी मिल के कर्मचारियों द्वारा अपने वेतन से चांदी के कप को तैयार कराने में कोई दर्द का अनुभव नहीं किया गया । देश की बड़ी और नामी-गिरामी हॉकी टीमों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बुलाना भी किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं था । प्रतियोगिता में दी जाने वाली इनामी राशि को लेकर भी बड़े जुगाड़ करने पड़े । शहर के समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया और बहादुर अली द्वारा बड़ी रकम इनाम के तौर पर देने का संकल्प लेने के बाद ही प्रतियोगिता में देश की जानी-मानी टीमों ने शिरकत करना शुरू किया । 79 वें महंत सर्वेश्वर दास झांकी प्रतियोगिता के अंतिम दिवस के लिए जारी किए गए आमंत्रण कार्ड में आज जहां बलदेव सिंह भाटिया और बहादुर अली के नाम को भी कार्ड के सबसे नीचे स्थान मिल पाया , उससे ऐसा लगने लगा है कि वास्तव में इस प्रतियोगिता को अब राजनीति की भेंट चढ़ा दिया गया है । आमंत्रण कार्ड में कुछ ऐसे नाम भी है जिन्हें छोटे - मोटे आयोजनों में भी याद नहीं किया जाता है । उन नामों को भी बलदेव सिंह भाटिया और बहादुर अली के ऊपर स्थान प्रदान करना आयोजक नगर निगम तथा जिला प्रशासन की बड़ी भूल से कम नहीं माना जाना चाहिए । हॉकी के भविष्य को बचाने के क्षेत्र में कुछ चिंतन की जरूरत दिखाई पड़ रही है । हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे से लेकर रेणुका यादव तक को आमंत्रण कार्ड में स्थान न दिया जाना हॉकी के प्रति समर्पण के अभाव को दर्शाता है । मैं खुद एक हॉकी क्लब का हिस्सा रहा हूं और इस प्रतियोगिता में खेलता रहा हूं , इसलिए मुझे आज इसकी कमियां बेहद खल रही है । इतना ही नहीं शहर की इस महान हाकी प्रतियोगिता को लेकर कुछ विशेष करने की ललक ना तो आयोजन कर्ताओं में दिखाई पड़ रही है और ना ही हॉकी के खिलाड़ियों को सुविधा मुहैया कराई जा रही है । ऐसे में महंत सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता अपने सुनहरे भविष्य की ओर किस तरह बढ़ पाएगी ? इसे लेकर चिंता करना स्वाभाविक है । जहां तक बात की जाए एस्ट्रोटर्फ कि वह भी केवल प्रतियोगिता से कुछ दिन पूर्व ही साफ सफाई की जंग में शामिल हो पाता है । खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए नियमित रूप से एस्ट्रोटर्फ मैदान उपलब्ध ना करा पाना भी हॉकी के प्रति निराशाजनक स्थिति को पैदा कर रहा है । यदि हमें अपनी हॉकी को स्वर्णिम भविष्य की ओर ले जाना है तो इसे राजनीति के क्रूर पंजों से दूर रखना होगा । जहां तक कोशिश हो इस प्रतियोगिता में हॉकी के प्रति समर्पण भाव रखने वालों को स्थान देते हुए उनका मान सम्मान बनाए रखा जाए ।



# प्रधानमंत्री के तेवर के मायने

**अवधेश कुमार**

संसद यानी लोक सभा और राज्य सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया उत्तर निस्संदेह कांग्रेस, कई विपक्षी पार्टियों और नेताओं को रास नहीं आया है।

राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट का नाम लेकर लोक सभा में भाषण इस आरोप पर केंद्रित कर दिया कि गौतम अदानी का कारोबार विस्तार केवल प्रधानमंत्री मोदी के कारण हुआ है। प्रधानमंत्री ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट, अदानी आदि को स्पर्श नहीं किया और राहुल गांधी या किसी नेता का नाम भी नहीं लिया। बिना नाम लिये उन्होंने जिस तरह व्यंग्य और कटाक्ष किए राजनीति के वर्तमान विमर्श में वह लुप्तप्राय है।

मोदी के भाषण में एक साथ राष्ट्रपति के अभिभाषण से संबंधित तथ्यों का विश्लेषण, सरकार के प्रदर्शन संबंधी विपक्ष के आरोपों का वस्तुनिष्ठ उत्तर तथा भारत के लोगों एवं विश्व को यह आश्वासन था कि सरकार देश को सही दिशा में ले जा रही है। जब विरोध में नकारात्मक और निराशाजनक तस्वीरें पेश की जा रही हो तो प्रधानमंत्री का दायित्व होता है कि वह आशाजनक सच्चाईयों को रखे एवं लोगों के अंदर पैदा हुए आत्मविश्वास को सुदृढ़ करें। संपूर्ण विश्व में भारत के प्रति सकारात्मक धारणा एवं कायम हुई उम्मीदों को बनाए रखने का संदेश देना भी प्रधानमंत्री का दायित्व है। प्रधानमंत्री के भाषण में ये सारे तत्व एक साथ मौजूद रहे। स्वाभाविक ही इसमें विपक्ष को कमजोर,अदूरदर्शी, निराश एवं नकारात्मक विचारों से भरा हुआ साबित करना ही था। लोक सभा में विपक्ष के बारे में उन्होंने काका हाथरसी की यह पंक्ति बोली- आगा पीछा देखकर क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दिखे सीन। साफ दिख रहा था कि वे बोल रहे हैं संसद में लेकिन देश और दुनिया में अपने सुनने वालों को संबोधित कर रहे हैं। काका हाथरसी की पंक्ति से उन्होंने यह साबित करने की कोशिश की कि भारत हर दृष्टि से उन्नति के रास्ते पर है, लेकिन अनेक विपक्षी नेता अपनी नकारात्मक भावना में इसे देख नहीं पाते या देख कर भी कई कारणों से गलतबयानी करते हैं। उनकी इन पंक्तियों को देखिए हर स्तर पर, हर क्षेत्र में, हर सोच में आशा ही आशा नजर आ रही है। एक विश्वास से भरा हुआ देश है। सपने और संकल्प वाला देश है, लेकिन यहां कुछ लोग ऐसी निराशा में डूबे हैं। समय सिद्ध कर रहा है कि जो यहां (सत्ता में) बैठते थे, वो वहां (विपक्ष में) जाने के बाद भी फेल हो गए। देश पास होता जा रहा है डिस्टिंक्शन पर।

भारत को संभावनाओं वाला देश बताते हुए उन्होंने कुछ उदाहरण दिया भारत सप्लाई चेन के मामले में आगे बढ़ गया है, मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित हो रहा है, दुनिया भारत की समृद्धि में अपनी समृद्धि देख रही है, पिछले नौ वर्ष में भारत में 90 हजार स्टार्टअप आए हैं। आज स्टार्टअप के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। भारत दुनिया में मोबाइल बनाने में दूसरा बड़ा देश बन गया है और हम निर्यात कर रहे हैं। घरेलू विमान यात्रियों के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया गया। यह देश है जो एक सेकेंड एक हिस्से में हजारों करोड़ रु पये ट्रांसफर कर देता है। एक समय था, जब देश छोटी तकनीक के लिए भी तरसता था। आज देश आगे बढ़ रहा है।

कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री ने एकपक्षीय तस्वीर पेश की। संसद में प्रधानमंत्री तथ्यहीन बातें नहीं रख सकते। तो जो कुछ उन्होंने कहा वो तथ्य आधारित हैं। विपक्ष की समस्या यह है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद सरकार के विरु द्ध अपनी भावनाओं के अनुरूप राष्ट्रपति अभिभाषण का खंडन करने की आवश्यकता ही नहीं समझी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें अच्छा लगा कि विपक्ष ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से अपनी असहमति प्रकट नहीं की। इस संबंध में उन्होंने राष्ट्रपति की चार पंक्तियों का उल्लेख किया।

एक; जो भारत कभी अपनी अधिकांश समस्याओं के समाधान के लिए दूसरों पर निर्भर था, वही आज दुनिया की समस्याओं के समाधान का माध्यम बन रहा है। दो; जिन मूल सुविधाओं के लिए देश की बड़ी आबादी ने दशकों तक इंतजार किया, वह इन वर्षो में उसे मिली है। तीन; बड़े-बड़े घोटालों, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की जिन समस्याओं से देश मुक्ति चाहता था, वह मुक्ति देश को अब मिल रही है। चार; पॉलिसी पैरेलिसिस की चर्चा से बाहर आकर देश की पहचान तेज विकास और दूरगामी दृष्टि से लिए गए फैसलों से हो रही है।

# एनडीआरएफ की टीम ने महादेव तालाब में बाढ़ आपदा बचाव का किया मॉक ड्रील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 फरवरी ।** केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार एनडीआरएफ की टीम द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में आपदा नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत एनडीआरएफ की टीम द्वारा बीजापुर मुख्यालय में स्थित ऐतिहासिक महादेव सरोवर में सुबह नौ बजे से मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ में फसे लोगों के बचाव एवं सुरक्षा का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया गया। मॉक ड्रील के अंतर्गत बाढ़ में फसे पीड़ित 9 लोगों द्वारा एनडीआरएफ कंट्रोल रुम को फोन करके बचाव दल को भेजने की अपील की गई। जिसमें कंट्रोल रुम को सूचना मिलते ही 3 टीमे टीम कमांडर के साथ लाईव बोट, लाईव जैकेट सहित आवश्यक डिवाईस के साथ बाढ़ बचाव के लिए निकले इसी दौरान एनडीआरएफ के टीम द्वारा सभी प्रमुख विभागों को सूचना दी गई कंट्रोल रुम द्वारा बताया गया। केवल 1 बोट भेजना, रिस्क रहता है इसलिए रिजर्व में दो बोट टीम कमांडर के साथ भेजा, टीम कमांडर और कंट्रोल रुम द्वारा बाढ़ में फंसे लोगों को जो कि काफी घबराहए हुए थे उनको हौसला बढ़ाते हुए उन तक पहुंचे जिसमें 8 लोगों को रेस्क्यू किया गया। टीम कमांडर द्वारा कंट्रोल रुम को सूचना दी गई कि 4



लोग सामान्य है 2 लोगों को मामूली चोटे आयी है वहीं दो लोग बेहोश की हालत में है। बेहोशी की हालत में रहने वाले ग्रामीणों को अलग बोट से लाया गया। वहीं एक बोट बाढ़ में फस जाने के कारण कुछ देर में बोट पलट गई, टीम कमांडर के त्वरित रिमोट आपरेटेट लाईव बोट फेका जिसमें एक व्यक्ति किनारे पर पहुँच गया। उसमें एक और व्यक्ति की लापता होने की सूचना देने पर आटू बोट लगातार वहां पेट्रोलिंग कर रही थी। फिर भी लापता व्यक्ति नही दिखा, फिर डीप ड्राईवर को पानी में उतारने का परमिशन लेकर डीप ड्राईवर को पानी में उतारा गया जो कि जोखिम भरा कार्य रहता है। पूरी सावधानी के साथ डीप ड्राईवर पानी में उतरने के पश्चात भी लापता व्यक्ति का पता नही चल सका फिर पुनः डीप ड्राईवर का परमिशन लेते हुए पानी में उतारा गया जिससे लापता व्यक्ति का पता चल सका जो कि भारी मात्रा में पानी पी चुका था। स्ट्रेचर के मदद से उनको पानी से बाहर निकाला गया जहां मेडिकल टीम एम्बुलेंस आक्सीजन सहित स्वास्थ्य अमला पूरी तैयारी के साथ इंतजार कर रही थी फिर फेफड़े और पेट को पूश करके पानी निकाला गया। लगातार पल्स चेक किया गया फिर हायर मेडिकल केयर हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया। इसी तरह अन्य फंसे हुये ग्रामीणों को सुरक्षित जगह भेजा गया वहीं ईलाज की आवश्यकता वाले मरीजों की अस्पताल भेजा गया। तीनों टीम कमांडर द्वारा इंसीडेट कमांडर एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा को बाढ़ की स्थिति के दौरान रेस्क्यू के बारे रिपोर्टिंग किया गया।

इसी दौरान एनडीआरएफ टीम के हेड गौरव जंगेटे ने घरेलू सामानों से लाईव डिवाइस बनाने की प्रक्रिया को भी समझाया कि लाईव जैकेट, लाईव बाय, एंटी बाटल के मदद से बनाने की तरकीब बतायी, इंट्रो वाइस फ्लोटिंग डिवाइस का प्रदर्शन तालाब के बीच में किया गया। आटो कमांडर ने बताया लाईव बाय से कैस बचाया जा सकता है। उसका डेमीस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, स्कूली बच्चों को बाढ़ से निपटने, घरेलू सामानों, डिब्बा, पानी बाटल, नारियल से लाईव डिवाईस बनाने की प्रक्रिया को बताया। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने मॉक ड्रील की सराहना करते हुए कहा। बीजापुर जैसे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों में जागरुकता लाना जरुरी है जब तक बचाव दल नही पहुंचा हो तब तक इन चीजों का इस्तेमाल कर सुरक्षित रह सकते है। देश भर में एनडीआरएफ की टीम के कार्यो की सराहना की। विदित हो कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नगरसेना के संयूक्त तत्वाधान में मॉक ड्रील का आयोजन हुआ। जिससे प्राकृतिक आपदा, भूंकप, बाढ़ आकाशीय बिजली से बचाव सहित विभिन्न आपदा के बारे में बताया एवं सुरक्षित रहने के लिए उपाय भी बताया गया।

## एक नजर



### स्वास्थ्य मंत्री ने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय और यूपीएचसी का किया निरीक्षण

**जगदलपुर, 16 फरवरी ।** स्वास्थ्य मंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन कुम्हारपारा में स्थित जिला आयुर्वेद चिकित्सालय और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने आयुर्वेदिक अस्पताल में भगवान धन्वंतरी देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने चिकित्सकों की बैठक व्यवस्था और उनके दैनिक कार्यों की जानकारी ली। अस्पताल में ओपीडी की स्थिति, खूबचंद बघेल योजना के तहत इलाज, आयुष्मान कार्ड के तहत दी जा रही आर्थिक सहयोग के संबंध में जानकारी लिया स्वास्थ्य मंत्री ने आयुर्वेद अस्पताल परिसर में संचालित अर्बन पीएचसी के निरीक्षण दौरान बालिका स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे हितग्राहियों से भी चर्चा किए। उन्होंने पीएससी में नियुक्त चिकित्सकों और स्टाफ नर्स का संज्ञान लेकर मानव संसाधन बढ़ाने के संबंध में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ राजन और सीएमएचओ डॉक्टर चतुर्वेदी से चर्चा किए। इसके उपरांत उन्होंने दवाई वितरण कक्ष का निरीक्षण किया और दवाइयों की उपलब्धता, स्टोरेज की स्थिति, दवाइयों की एक्सपायरी डेट आदि का अवलोकन किया। परिसर निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसाधन कक्ष का भी अवलोकन कर सफाई व्यवस्था की सराहना की। इस दौरान बालिका दिवस स्वास्थ्य के संबंध में करवाए चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कार दिए। निरीक्षण के दौरान जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर नेताम सहित अन्य चिकित्सक और स्टाफ नर्स उपस्थित थे। इसके उपरांत लगभग 69.84 लाख की लागत से निर्माणाधीन यूपीएचसी का अवलोकन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्माण संस्था को गुणवत्ता के साथ कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### मजदूरों की मांग मनरेगा का मिले खाते में भुगतान

**बीजापुर 16 फरवरी।** आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। लीड बैंक अधिकारी कृष्ण लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को बैंकिंग सेवा से जुड़ने और उससे मिलने वाले लाभ के साथ शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी पी आर साहू एवं मनीष सोनवानी ने इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महात्मा गांधी नरेगा योजना के बारे में बताते हुए जानकारी दी कि मिनिस्ट्री आफ रूरल डेवलपमेंट भारत सरकार ने 1 फरवरी से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत श्रमिकों के मजदूरी भुगतान आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के आधार पर आधार कार्ड से बैंक का खाता लिंक के आधार पर किया जावेगा। जिस बैंक में मनरेगा मजदूरी का भुगतान चाहिए होगा उस बैंक में मनरेगा श्रमिक को जाकर आधार नंबर को लिंक कराना होगा। यह सुनते ही उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी खुशी जाहिर कर सराहना की।

ग्रामीणों का कहना था कि खाते में भुगतान मिलने से अब हमारे मजदूरी राशि का सही सही गणना करने में सहुलियत तो होगी साथ ही मजदूरी राशि भारत सरकार से सीधे मजदूरों के खाते में आने के कारण राशि की अनियमितता से भी बचाव हो जाएगा। जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के नोडल अधिकारी सूरज सिंह श्रीनेट ने बताया कि बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ने से किसी भी शासकीय योजना की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में आती है और एक-एक रूपये का हिसाब किया जा सकता है।

# भाजपा अपने ही कार्यकर्ताओं की मौत पर राजनीति कर रही है:विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 16 फरवरी।** नक्सल हत्याओं को लेकर भाजपा के आरोपों पर बीजापुर के विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा अपने ही कार्यकर्ता की मौतों पर राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं। भाजपा ये न भूलें कि भाजपा नेताओं के दामन पर झीरम नरसंहार के खून के छींटे लगे हुए हैं। विक्रम मंडावी ने कहा कि हत्या किसी की भी हो निंदनीय है। भाजपा नेता गैरजिम्मेदाराना आरोप और नक्सल हिंसा पर ओछी राजनीति कर रहे है। भाजपा की रमन सरकार के दौरान बीजापुर में कांग्रेस नेता और जिला पंचायत सदस्य सीका मांझी और जनपद उपाध्यक्ष बुधराम राणा की भी नक्सलियों ने हत्या की थी। तब भाजपा नेताओं के लिए नक्सल घटना की परिभाषा अलग थी।कांग्रेस ने भी नक्सल हिंसा में अपने नेताओं को खोया है, कांग्रेस ने इस पर कभी राजनीति नहीं की। कांग्रेस कभी भाजपा की तरह जांच रोकने में विश्वास नहीं करती। भाजपा ने शुरू से झीरम नरसंहार की जांच बाधित की। भाजपा के 15 साल सत्ता में रहते रोजाना बड़ी तादाद में आम नागरिक और जवान मारे जाते थे। बस्तर में लगातार भाजपा का जनाधार गिर रहा है,भाजपा ने आदिवासियों का विश्वास खोया है,इससे बौखलाकर भाजपा बस्तर को प्रायोजित ढंग से अशांत करने के षड्यंत्र में लगी है।और प्रदेश सरकार को बदनाम करने में लगी है।

# कपड़ा व्यवसायी के गोदाम से कपड़े की चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 फरवरी ।** दिनांक 14-02-2023 को ब्लॉक कालोनी बीजापुर स्थित कपड़ा व्यवसायी राहुल पिता रमेश साहू के गोदाम से दिनांक 143-02-2023 को अज्ञात चोर द्वारा कपड़ा चोरी करने की लिखित शिकायत थाना बीजापुर में दर्ज कराया गया । थाना कोतवाली द्वारा घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना में शामिल 02 आरोपियों को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरुफ्तार किया गया।1- ऋृतिक ध्रुर्वा पिता पेंटैया ध्रुर्वा उम्र 19 वर्ष निवासी कोंगुपल्ली थाना मद्देड़ जिला बीजापुर2- सुनिल गोटे पिता रमेश गोटे उम्र 22 वर्ष निवासी कोंगुपल्ली थाना मद्देड़ जिला बीजापुरपकड़े गये आरोपियों के कब्जे से 8000/- रूपये के मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल वाहन को जप्त किया गया ।प्रकरण में थाना बीजापुर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

# प्रधान डोंगरी बना जिले का तीसरा एवं विकासखण्ड चारामा का दूसरा हर घर जल प्रमाणीकरण ग्राम

**कांकेर 16 फरवरी।** ग्राम पंचायत कसावाही के आश्रित ग्राम प्रधान डोंगरी में हर घर जल उत्सव जल सभा का आयोजन किया गया। चारामा विकासखण्ड के ग्राम प्रधान डोंगरी हर घर जल प्रमाणीकरण के लिए प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत कसावाही का आश्रित ग्राम प्रधान डोंगरी कांकेर जिले का तीसरा एवं विकासखण्ड चारामा का दूसरा हर घर जल प्रमाणीकरण ग्राम बना है। कार्यक्रम में राज्य जल जीवन मिशन के कार्यपालन अभियंता एसएन पान्डे एवं संजय राठौर द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए



आगामी भी इस योजना को सुचारू रूप से संचालित करने की जानकारी दी। जिला नोडल अधिकारी नवीन कुमार साहू ने ग्राम की अधोसंरचना तथा ग्राम में वसूले जा रहे जल कर को समय पर जमा कराने की जानकारी दी गई एवं जिले में सर्टिफिकेशन हुए ग्रामों का ब्योरा दिया। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ललित गोटी ने जल जीवन मिशन के तहत प्रदत्त पाइप लाइन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने के लिए कहा साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल वाहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन के लिए प्रेरित किया। ग्राम प्रधान डोंगरी ठेकेदार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त कार्यों को पूर्ण कराये जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक अभियंता श्री राजेश हिरकने, जिला समन्वयक कुमार सिंह तोप्पा, उप अभियंता जगदीश देशमुख, प्रकाश कुमेटी एवं जल बहिनी, जिला समन्वयक निशा वामन, ज्योति शांडिल्य, छत्रपाल साहू, पंचगण, गणमान्य नागरिक, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# लोककला मंच में सामाजिक चेतना का भाव होना चाहिए:दिलीप षडंगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,16 फरवरी।** माघी पुन्नी मेला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए संगीत सम्राट दिलीप षडंगी ने कहा कि आज तक मैंने किसी का दिल नहीं दुखाया है कोई मेरा दुश्मन नहीं है। लोक कला मेरे रग-रग में बसा हुआ है। प्रस्तुति के दौरान सामाजिक चेतना का भाव होना बहुत जरूरी है। लोक संस्कृति शाशवत है इसमें वह बात होती है जो दिल की धड़कन को बढ़ा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्म में अच्छा कैरियर है लगातार प्रोग्रेस कर रहे हैं भले सोशल मीडिया का जमाना है। यूट्यूब के माध्यम से पूरी फिल्में देखी जाती है। जब छत्तीसगढ़ी फिल्में लगे तो उन्हें देखने के लिए टिकट कटाकर जरूर जाए। आपका 50 रूपए किसी प्रोड्यूसर के लिए पचास लाख के बराबर है। यदि आप टिकट देकर उन्हें देखते हैं तो इससे बड़ा आशीर्वाद उनके लिए और कुछ नहीं हो सकता। एक्टिंग करना मुझे बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने अपनी कला यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि ड्रामा से कला क्षेत्र में मेरा पदार्पण हुआ। बशीर गुरुजी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैं बड़ा रोल करना चाहता था लेकिन मुझे मदारी नहीं बल्कि जमूरे का रोल दिया गया। इसमें मेहनत तो किया लेकिन छोटा रोल होने के कारण मैं खूब रोया। मंचों में जैसे ही प्रस्तुति दी उसके बाद तो मुझे मेरे नाम पर प्रसिद्धि का लेबल चल गया और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ। मंचीय प्रस्तुति के दरमियान मुझे बहुत डर लगता है जब तक गाना पूर्ण नहीं होता, चिंता बनी रहती है। इसी उहापोह की स्थिति में कार्यक्रम बहुत ही अच्छा जम जाता है। उन्होंने अपने शुरुआती दौर के बात मीडिया से शेयर करते हुए कहा कि मंच में गीत प्रस्तुत करते थे तब दर्शक मुझे नाक से गाते हैं कह कर बाहर कर दिया। हताश हुआ और गायन को छोड़कर मिमिक्री करना शुरू कर दिया। उसी समय रंगो बती रंगो बती गीत के गायक के साथ मेरी मित्रता हो गई। मैं मिमिक्री के साथ ही एंकरिंग भी करता था। मुझे टाटानगर, कोलकाता, संबलपुर, राउरकेला मिमिकरी आर्टिस्ट के रूप में प्रसिद्ध मिली।

उन्होंने आगे बताया कि मैं तकदीर का बहुत धनी हूं इंग्लिश में एम. ए. किया हूं परीक्षा देने के पूर्व मेरी कोई तैयारी नहीं थी। अलबत्ता मात्र सात प्रश्न की ही तैयारी कर पाए थे इत्तेफाक यह हुआ कि उसमें से पांच प्रश्न परीक्षा में आ गए और मैं अच्छे नंबरों से पास हो गया।अपने जीवन काल में मैं खुद 13 सर्विस को छोड़ चुका हूं चौदहवीं सर्विस बिजली विभाग में लगा। वहां 32 साल तक रहा। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय ने मुझे डी लीड की उपाधि दी। मेरे साथ में हमेशा कुछ न कुछ नया होता रहता है जिस गीत में मैंने बहुत मेहनत किया वह नहीं चला, लेकिन जिस में श्रम कम किया उसने बाजी मार दी। मेरा अगला गाना मुड़ी म बाल नईये लगावत हे कंघी, सुर ताल जाने नहीं गावत हे षड़ंगी शीघ्र आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि धर्म नगरी राजिम से मेरा बेहद लगाव है सौभाग्य से मेरा नाम भी राजीव लोचन षड़ंगी है। यहां की भाषा शैली अत्यंत मीठी है। नए कलाकार को मेहनत ज्यादा करने की आवश्यकता है साहित्यकार गायक वकील पुलिस यदि सरल हो जाए तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकती।

### मंगलवार को आरू साहू और दिलीप षड़ंगी को देखने सुनने उमड़ी भीड

**राजिम।** मंगलवार की शाम आरू साहू और दिलीप षड़ंगी की प्रस्तुति ने ऐसा धूम मचाया कि दर्शको को झूमने पर मजबूर हो गए। नदी में लम्बे चौड़े भू भाग होने के बाद भी दर्शक दीर्घा में पैर रखने की जगह नही थी। यहां तक कि मेला क्षेत्र में लगे 7 एलईडी में देखने सुनने हजारो भीड़ लगी रही। उनके गानों की दीवानगी की खुमारी दर्शको में बखूबी देखने को मिला।मंच पर छत्तीसगढ़ की उभरती गायिका आरू साहू ने राम सिया राम.. जय जय राम गाकर मंच को राममय कर दिया। सभी दर्शक रामनाम की माला जपने लगे। हो माई झुपत-झुपत... इस गीत सुनकर दर्शक आनंदित हो उठे। छश्रसगढ़ में होने वाली परंपरागत त्यौहारों को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसमें सुआ नृत्य, गौरा गौरी और राउत नाचा इनको देखकर दर्शकों को एक समय ऐसा लगा कि त्यौहार अभी आने वाला है। आरू की अगली प्रस्तुति छश्रसगढ़िया सबले बढ़िया... मेरे भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा... ये गीत को गाने के लिए आरू मंच के नीचे आ गई और श्रोता के साथ गीत को गाने लगी। हर-हर शंभू-शंभू ने तो और भी धमाल मचा दिया। मोर अंगना म गड़े हे जैतखाम गीत ने घुरूघासी दास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। मोर से नैना मिलाके... इस गीत ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के दूसरे कड़ी में जगराता के सम्राट दिलीप षडंगी ने जसगीत और छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपनी शुरूआत हम उस देश के वासी है जिसे देश में गंगा बहती है..... आदमी हूं आदमी से प्यार करता हूं... गीत की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर दर्शकों में भी आत्मीयता जाग उठी। नमो नमो जगदम्बे... मंच पर जैसे ही इसकी प्रस्तुति हुई। मंच पर भोलेनाथ व मां पार्वती की वेशभूषा पहने कलाकरों ने शानदार प्रस्तुति दी। घर-घर दीया माता घर-घर बाती ओ... कोरी-कोरी नारियर चढ़े दाई मोर.... चैत के महिना आबे दाई.... आमा पान के पतरी करेला पान के दोना.... मांदर बाजे रे .... ऐसे मनमोहक गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को ठंडी मौसम में भी आनंद लेते रहे।

## समाचार संक्षेप

### नरेगा श्रमिकों को मजदूरी के लिए नही लगानी होगी बैंकों में लाइन



**बीजापुर 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू ने 13 फरवरी को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टाफ एवं समस्त बैंकर्स का बैठक लिया । जिला सीईओ ने मनरेगा श्रमिकों के खाते को आधार प्रमाणीकरण कराने हेतु सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए एक महा अभियान के रूप में किया जाना है। उन्होंने बैठक में निर्देशित किया कि ऐसे हितग्राही जिनका खाता ग्रामीण बैंकों में है उनका आधार एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति को हितग्राही का हस्ताक्षर कराकर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच या सचिव सील लगाकर प्रमाणीकरण कर बैंक में जमा करवा देंगे तोए आधार से खाता लिंक हो जाएगा। अन्य बैंकों हेतु संबंधित हितग्राही को बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड के साथ अपने संबंधित बैंक में डीबीटी करवाने हेतु बैंक जाना होगा। वहां पर केवाईसी करेंगे तभी आधार से खाता लिंक हो पायेगा। सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी ने अवगत कराया कि जिला बीजापुर में आधार आधारित भुगतान की स्थिति में सुधार के लिए यह बैठक आहूत की गई। जिले में मनरेगा अंतर्गत कुल पंजीकृत श्रमिक 1 लाख 7 हजार 9 सौ 12 है जिसमें से 80 हजार से अधिक आधार सीडिंग नरेगा सॉफ्ट में चुका है इनमें से 46 हजार 5 सौ 35 हितग्राहियों आधार का प्रमाणीकरण हो चुका है। नरेगा सॉफ्ट में आधार। प्रमाणीकरण हेतु 34 हजार 2 सौ 41 शेष है इन हितग्राहियों का आधार की कॉपी जनपद में जमा करना है। आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम 14 हजार 5 सौ 53 खाता कन्वर्ट होना बाकी है।जिला सीईओ ने सभी बैंकर्स एवं चारो जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उच्च प्राथमिकता से हितग्राहियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर में कन्वर्ट करने हेतु निर्देशित किया है। हितग्राहियों का खाता आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम में कन्वर्ट हो जाने से अन्य योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, श्रम योगी मान-धान योजना, पेंशन, आवास, शौचालय, गैस सब्सिडी आदि का लाभ ले सकेंगें।

### सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**बीजापुर 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव श्री आर प्रसन्ना ने जिला चिकित्सालय बीजापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बस्तर संभागायुक्त श्री श्याम धावड़े एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा उपस्थित थे। श्री आर प्रसन्ना ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। पर्याप्त डॉक्टर की नियुक्ति करने डॉक्टरों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण में भेजने के निर्देश दिए। वहीं विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर मरीजों से स्वास्थ्य सुविधा सहित जिला अस्पताल में मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रसूति कक्ष में प्रसूता माताओं से शीघ्र स्तनपान एवं सतत स्तनपान कराने की समझाइस दी। वहीं माताओं का कौसलिंग करने के निर्देश दिए। अस्पताल में सोनोग्राफी, एक्सरे, लैब की सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमएचओ और सिविल सर्जन को जिला अस्पताल में बुनियादि सुविधाओं सहित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर तारलागुड़ा में मितानिनों एवं एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया



**बीजापुर 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुष हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर तारलागुड़ा में यहां के सीएचओ डॉ. एलएस पटेल द्वारा रायपुर सर्किट हाउस में 10 फ़रवरी 2023 को प्रशिक्षण । प्राप्त करने के बाद तारलागुड़ा में मितानीनो एवं एएनएम को दिनांक 14 फ़रवरी 2023 आयुष हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर के उद्देश्य एवं लोगों को स्वस्थ्य स्वास्थ्य रक्षणं आतुरस्य विकारणप्रशमन च की अवधारणा को मार्गदर्शन देने के बारे में बताया गया। वेलनेस सेंटर में हम लोगों को कैसे स्वस्थ रहने के उपाय दिनचर्या, ऋतुचर्या, गर्भवती की मासानुमासिक परिचर्या, मधुमेह से बचाव, रक्तचाप से बचाव के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में मितानिनों के एमटी श्री रंजीत बज्जूर भी उपस्थित रहे और अच्छे से काम में सहयोग करने के बारे में बताया गया।

### 17 फरवरी को होगी जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक

बीजापुर 15 फरवरी 2023- जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 17 फरवरी 2023 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ईत्यादि विभागों के कार्यों की समीक्षा की जावेगी। उक्त बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला पंचायत सदस्यों एवं मानद सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में मृत महिला के वारिस को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर 16 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर आदेश में निहित प्रावधानों के अंतर्गत वाहन दुर्घटना में श्री गोविंद पुजारी की मृत्यु होने के फलस्वरूप मृतक के पत्नि आवेदक श्रीमती मल्लेश्वरी पुजारी पति स्वर्गीय गोविंद पुजारी साकिन कोण्ड्रोजी, भैरमगढ़ तहसील भैरमगढ़ जिला बीजापुर को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 25 हजार रूपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

## एक नजर



### मेले में आए फ्रांस के सैलानियों ने कहा नमस्ते राजिम

**राजिम,16 फरवरी।** बुधवार को विदेशी सैलानी राजिम पहुंचे और यहां की भव्यता एवं मेले का विस्तार को देखकर अत्यंत प्रसन्न हो गए। वे जैसे ही राजीवलोचन मंदिर पहुंचे मंदिरों में उत्कीर्ण कलाकृतियों ने खासा प्रभावित किया। तीन नदी के बीच में स्थित कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर को देखकर अभिभूत हो गए। पूरे मेला क्षेत्र का पैदल चलकर भ्रमण किया। मीडिया सेंटर में पत्रकारों द्वारा सैलानियों का आत्मिय स्वागत सम्मान किया गया। राजिम मेले की भव्यता को देखकर अत्यंत प्रसन्न दिखे और हाथ जोड़कर नमस्ते राजिम कहा। फ्रांस के यहां पर्यटक जिनमें से दो लोग पहली बार आए हैं बाकी तीन लोग पिछले साल और आ चुके हैं। इनमें से रोले, मार्टिन, जोयल, अग्नेश, भासो नाम के है। ये सभी 1 महीने के टूर पर 6500 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे और 28 फरवरी को अपने देश चले जाएंगे। विशाखापट्टनम से चलकर सीधे यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते तो, प्लेन से आ सकते थे लेकिन सड़क मार्ग से आने का कारण यही है कि हम भारत की संस्कृति एवं यहां के रहन-सहन से रूबरू होना चाहते हैं। यहां की सांस्कृतिक विरासत खासतौर से प्रभावित कर रही है। भुनेश्वर उड़ीसा के गाइड तपन मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में राजिम के अलावा रायपुर, चम्पारण, सिरपुर, कवर्धा, चिल्फी, भोरमदेव के बाद ग्वालियर मध्यप्रदेश चले जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि राजिम माघी पुन्नी मेला में नागा साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त कर आगे यात्रा के लिए निकल जाएंगे।

### कला साधना है इसे पाने करें मेहनतः निहारिका साहू



**राजिम,16 फरवरी।** कोपरा से माघी पुन्नी मेला में पहुंची रामायण मंडली के गायिका निहारिका साहू ने शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कला साधना है इसे प्राप्त करने के लिए बड़ी मेहनत लगती है। मेहनत से जी चुराने वाला व्यक्ति किनारे हो जाता है और जिसमें तस्वीर बदलने की सोच होती है वह मेहनत करते रहते हैं। नतीजा एक अच्छे मुकाम उन्हें प्राप्त होता है। बचपन से पिता संतोष साहू एवं मां की आशीर्वाद से लगातार संगीत सीख रही हूं। गायन के लिए कोई मैं स्पेशल कोर्स नहीं किया है। रामायण मंडली के माध्यम से लगातार अवसर मिलता गया और अब मंडली से निकलकर जगराता ग्रुप तथा लोक कला मंच में भी प्रस्तुति दे रही हूं। वह कहती हैं कि कला साधना मां सरस्वती का वरदान है। श्रीराम संगीत कला केंद्र के सानिध्य में मेरी नई एल्बम दर्शकों के बीच आए हैं, इसकी खूब प्रशंसा की जा रही है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे ले जाने के लिए मैं खुद मेहनत कर रही हूं। वैसे भी मैं लोक संगीत में खैरागढ़ यूनिवर्सिटी से डिप्लोमा कर रही हूं। आगे इनके सेवा में ही जीवन गुजरे ऐसी मेरी तमन्ना है। कु. निहारिका साहू ने बताया कि शादी होने के बाद भी मैं कला संगीत से जुड़ी रहूंगी। राजिम माघी पुन्नी मेला तो विश्व का उत्कृष्ट मंच है, ऐसा जगह कार्यक्रम की प्रस्तुति देना अपने-अपने गौरव की बात होती है बता दें कि निहारिका साहू की छोटी बहन लक्ष्मी साहू भी शानदार गीत गाती है। उनका पूरा परिवार गीत संगीत से जुड़ा हुआ है। निहारिका साहू वर्तमान में पढ़ाई कर रही है। इस बीच लोक कला के लिए समय निकालकर संगीत के स्वर पर हमेशा गुनगुनाती है। उन्होंने जैसे ही कार्यक्रम की प्रस्तुति दी पूरा दर्शक दीर्घा खचाखच श्रद्धालुओं से भरा रहा और इन्हें खूब सराहना भी मिली।

# बटुका गुरु पूजन कर श्रद्धालुओं ने किया भोजन

## 11000 पार्थिव शिवलिंग का किया निर्माण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,16 फरवरी।** ब्रम्हचर्य आश्रम समिति राजिम द्वारा स्वामी अमृतानंद सरस्वती पवन दीवान की स्मृति राजिम में विश्व कल्याण एवं धर्म संस्कृति, जागराण हेतु पंच दिवसीय श्री रूद्रचण्डी पाठात्मक महायज्ञ का शुभारंभ ब्रम्हचर्य आश्रम में प्रातः समिति के उपाध्यक्ष अरूण दीवान, अर्जुन नयन, कन्हैया महाराज, नूतन तिवारी, रोशन शास्त्री, चुड़ामणी पांडे समस्त आश्रम के शिष्य जनों सहित दीवान की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रातः 6:30 बजे अरूण दीवान उपाध्यक्ष सहित सभी जनों ने समाधि स्थल पर श्रीफल पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त जानकारी ब्रम्हचर्य आश्रम न्यास समिति के सचिव अनिल तिवारी ने दी। इस दौरान यजमान युवराज शर्मा धमनी ने चारों कोने में विराजित प्रथम पूजा कर चतुर्थ अग्नेय कोण से आरंभ की। इस दौरान यजमान के समस्त बटुक ग्रामीणों सहित पाठ आरंभ किया। लगभग प्रतिदिन 11000 से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रहें है। दोपहर 3:00 बजे समस्त उपस्थित जनों ने महारूद्राअभिषेक किया। लगातार चल रहें। रूद्रचण्डी पाठात्मक महायज्ञ में भक्तजन शामिल हो रहें है।संध्या 3:00 बजे रूद्राअभिषेक मंदरस, घी, गन्नारस, पंचधारा से अनुष्ठान को संपन्न किया। इस अवसर पर नारायण मिश्रा, कन्हैया तिवारी, पुरूषोत्तम मिश्रा, विजय शर्मा, दिलेश्वर, संतोष शर्मा, कंचन तिवारी सहिम समस्त श्रध्दालुओं ने हिस्सा लिया। अंत में सभी उपस्थित श्रध्दालुओं को भोजन प्रसादी वितरण किया गया। आज प्रातः कृष्ण कुमार पुरानिक सहित बटुकागुरू पादुका पूजन कर लगभग 200 से 300 श्रध्दालुओं को भोजन कराया गया। भारी संख्या में श्रध्दालुओं ने पवन दीवान की समाधि में पुष्प अर्पण कर बड़ी उत्साह के साथ दीवान की पुण्य तिथि मनाई गयी। इस आयोजन में सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहें है। ब्रम्हचर्य आश्रम में श्रध्दालुओं की भीड़ लगी हुई है।

### महानदी आरती में सपरिवार शामिल हुए कलेक्टर प्रभात मलिक



**राजिम,16 फरवरी।** माघी पुन्नी मेला में इन दिनों महानदी मैया की आरती आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु आरती की दृश्य का दर्शन करने नहीं भूलते हैं। दूसरी ओर श्रद्धा भक्ति एवं संस्कार की त्रिवेणी संगम भी देखी जा रही है। इसे अपने मोबाइल पर कैप्चर कर सोशल मीडिया के माध्यम से दूर देश में धार्मिक अनुष्ठान आरती आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। स्थानीय पंडित परिषद के द्वारा आरती गायन किया जाता है। श्रीराम शर्मा तथा पंडित संतोष शर्मा आदि विद्वानों के द्वारा वैदिक मंत्रोचार किया गया। बुधवार को गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक सह परिवार महानदी मैया की महाआरती किया। सबसे पहले वेदी पूजन किया गया। पश्चात अक्षत, द्रव्य, फूल इत्यादि समर्पित किए। महानदी मैया की आरती शुरू हुई। घंटी, शंख एवं तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। बताया जाता है कि शंख की आवाज जहां तक जाती है वहां तक पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। इस मौके पर पंडित अर्जुन नयन तिवारी ने बताया कि आरती से कार्य की संपूर्णता मानी गई है यदि अनुष्ठान में किसी प्रकार की कोई कमी रह जाती है तो आरती करने से वाह पूर्ण होता है।

साथ ही परिक्रमा भी करने का विधान है। नारद पुराण के अनुसार भगवान विष्णु की चार परिक्रमा, शिवजी की अर्ध परिक्रमा, अग्नि देव की सात परिक्रमा इत्यादि है। महानदी आरती घाट शाम होते ही दर्शनार्थियों से भर जाता है गीत संगीत से माहौल संगीतमय हो रहा है। इस वर्ष अलौकिक भारती का दृश्य प्रसारित हो रही है जो श्रद्धालुओं के लिए खास रूप से मायने रख रही है।

# साहू समाज सामाजिक समरसता का भाव रखता हैं : विपिन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं दूग्ध महासंघ के अध्यक्ष विपिन साहू ने कहा कि लोग जब कोई भी मेला हो पहुंचते हैं तो उन्हें भोजन, शीतल ठंडा पानी और छांव की जरूरत पड़ती हैं। ये सब मिल जाता हैं तो स्वाभाविक रूप से शांति का एहसास होता हैं। उन्होंने कहा कि साहू समाज का हृदय बहुत बड़ा हैं। हर समाज के लोगो का सम्मान करना जानता हैं। सामाजिक समरसता का भाव रखता हैं। मुझे बहुत ही प्रसन्नता होती हैं कि राजिम माघी पुन्नी मेले में आने वाले कई हजारो-हजार लोगो को साहू समाज व राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक अपने पंडाल के नीचे पूरे 15 दिन स्वच्छ और साफ मन से भोजन कराता हैं। मेले में आए लोग भोजन कर तृप्त हो जाते हैं। यहां भोजन के साथ ही दो पल विश्राम के लिए छांव मिल जाता हैं। ये हमारे संस्कार और संस्कृति में शामिल हैं। बुधवार को दोपहर दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष विपिन साहू व पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने बड़ी संख्या में समाज के लोगो एवं पत्रकारो की मौजूदगी में भगवान श्री राजीव लोचन व राजिम भक्तिन माता की पूजा-आरती कर चांवल, दाल, सब्जी का भोग लगाने के बाद कई हजारो लोगो को एक साथ भोजन परोसकर सामाजिक समरसता का परिचय दिया। पंडाल के नीचे हजारो लोग भोजन कर तृप्त हो गए। इस अवसर पर राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू और उसकी टीम अतिथियो एवं पत्रकारो का गुलाल लगाकर पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने पूरे 15 दिनो तक मेले में आने वाले लोगो को बहुत ही श्रद्धा के साथ भोजन कराने के लिए साहू समाज एवं भक्तिन माता समिति की खुलकर तारीफ की। कहा कि साहू समाज हमेशा से अन्य समाजो के लिए अनुकरणीय पहल करता चला आ रहा हैं। इस आयोजन में स्थानीय सभी पत्रकारो की मौजूदगी के अलावा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू, सांसद प्रतिनिधि रिकेश साहू, शरद पारकर, पूरन यादव, श्याम साहू, भोले साहू, भवानीशंकर साहू, डॉ. लीलाराम साहू, महेन्द्र साहू, इमरान खान, थानेश्वर साहू, युवराज साहू, प्रवीण साहू, विकास राही, राहुल ठाकुर, नगर अध्यक्ष सचिव राजू साहू तरुण साहू झाडू राम साहू विष्णु साहू, किशन साहू, शुभम साहू, अमित साहू, रोशन साहू सहित बड़ी संख्या में भोजन करने कई हजारो लोग पंडाल में मौजूद थे।



# लेखापाल ने जीता वाईस ऑफ जशपुर का खिताब



जनप्रतिनिधियों ने की गायन की सरहाना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 16 फरवरी।** यहां के बी.आर.सी.सी कार्यालय मे पदस्थ लेखापाल कमल किशोर मेहर ने वाईस ऑफ जशपुर प्रतियोगिता मे दूसरा स्थान बनाकर शहर के साथ-साथ शासकीय विभाग का भी नाम रौशन किया है,उनकी इस उपलब्धी की क्षेत्रिय विधायक रामपुकार सिंह के अलावा कांग्रेस की महामंत्री आरती सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने काफी सरहाना की है। उनका कहना था कि शासकीय सेवा मे रहकर कमल किशोर मेहर को मां सरस्वती का भी वरदान मिला है,जिसके कारण उनके कंठ से निकलने वाली सुमुधर वाणी के जरिये शहर खुद को गौरांवित महसूस कर रहा है। 14 फरवरी को सी.एम. भूपेश बघेल के आगमन के दौरान मयाली मधेश्वर पहाड की गोद मे बसे खुबसुरत स्थान मे प्रतियोगिता आयोजित हुयी थी,जिसमे जिले भर के चयनित दस फोक गीत गाने वाले कलाकार फायनलिस्ट के रूप मे इस प्रतियोगिता मे सम्मलित हुये थे,इन सभी के बीच हुये कडे मुकाबले मे यहा के प्रमुख गायक कमल किशोर मेहर ने शानदार प्रस्तुति देते हुये फोक गाना गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गीत की सभी ने काफी प्रशंसा की,प्रतियोगिता मे उन्हे वाईस ऑफ जशपुर का दूसरा स्थान से नवाजा गया। उनकी इस उपलब्धी से शासकीय कर्मचारीयों मे भी काफी हर्ष व्याप्त है। कर्मचारीयों ने अपने बीच के साथी की इस उपलब्धी पर ढेर सारी बधायी प्रेषित की है। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता ने इस उपलब्धी को क्षेत्र की धरा को गौरांवित करने वाला उपहार का नाम दिया। उनका कहना था कि शासकीय कार्य की व्यस्तता के साथ मां सरस्वती को अपने कंठो मे धारण करने वाले लेखापाल द्वारा कठिन परीक्षा के दौर मे दूसरा स्थान पाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है।।

**धार्मिक स्थलों में भी नाम किया रौशन-** बी.आर.सी.सी के लेखापाल के.के.मेहर की रूचि बचपन से ही गायन के क्षेत्र मे रही है,यही कारण है कि शहर के बीच या आस-पास आयोजित होने वाले अधिकांश धार्मिक आयोजन मे उन्हे बतौर गायक के रूप मे आमंत्रित किया जाता है। उनके द्वारा स्वयं से गीतो का निर्माण कर उन्हे दर्शको के बीच गाया गया है,जिसके कारण जशपुर जिला ही नही सरगुजा,रायगढ,कोरबा, बिलासपुर,रायपुर तक उनके गीतो की चर्चा लोगो के जेहन मे रहती है।

# क्रीड़ा परिसर के बच्चों ने जिले का नाम किया रौशन, वॉलीबॉल में राज्य में रहे प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गरियाबंद, 16 फरवरी।** गरियाबंद क्रीड़ा परिसर के बच्चों ने जिले का नाम प्रदेश भर में रोशन किया है यहां की वॉलीबॉल टीम ने राज्य स्तर पर आयोजित क्रीड़ा परिसर खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं गरियाबंद की हॉकी टीम ने राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया इसके अलावा एथलेटिक में भी कई युवाओं ने मेडल जीते जिले का नाम रोशन करने वाले इन बच्चों ने इसका श्रेय क्रीड़ा परिसर में लगातार करवाई जाने वाली प्रैक्टिस को दिया जिससे यह खेल में इतने निपुर्ण हो पाए। 13 एवं 14 फरवरी को रायपुर तथा बिलासपुर में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय क्रीड़ा परिसर खेलकूद प्रतियोगिता में गरियाबंद से लगभग 30 खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेलों में हिस्सा लिया इस दौरान वॉलीबॉल की गरियाबंद जिले की टीम ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया अन्य जिलों की वॉलीबॉल टीम को पकड़ते हुए गरियाबंद के खिलाड़ी अनुज ठाकुर प्रियांशु ठाकुर कौशल ध्रुव नीलकमल ठाकुर शिवानंद नेताम कुंदन ठाकुर भूपेंद्र ध्रुव युवराज कवर वासुदेव ध्रुव ने जिले को पहला स्थान दिलाया तो वही सभी जिलों से पहुंचने वाले खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए हॉकी की टीम ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया जिनमें डेविड कुंजाम राहुल दीवान नीरज चंद्रवंशी प्रदीप नेताम मनीष ठाकुर मुकेश ध्रुव उमाशंकर नेताम पारसमणि ध्रुव गिरवर दीवान लोकेश ध्रुव चेतन नाथ पितांबर दीवान गौरव दीवान खिलाड़ी के रूप में शामिल थे इन खिलाड़ियों ने हॉकी में बेहतर प्रदर्शन तो किया मगर जशपुर जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर पहला स्थान हासिल किया तो वही हॉकी में गरियाबंद जिले को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा इसके अलावा एथलेटिक पर अगर नजर डालें तो गरियाबंद जिले के क्रीड़ा परिसर के छात्र सूर्य कुमार ध्रुव ने दौड़ 100 मीटर तथा 400 मीटर में तीसरा स्थान हासिल किया इसके अलावा क्रीड़ा परिसर के डीगेस्वर ध्रुव ने 5 फीट 2 इंच ऊंची छलांग लगाकर राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया।ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए स्थापित किया गया क्रीड़ा परिषद अपने उद्देश्यों को पूरा करता नजर आ रहा है राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में प्रथम हॉकी में द्वितीय तथा एथलेटिक में भी मेडल जीतने वाले इन खिलाड़ियों ने साबित कर दिखाया है कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है अगर उन्हें अच्छी सुविधा और प्रशिक्षण मिले तो वह जिले का नाम ऊंचा करने में पीछे नहीं रहेंगे।क्रीड़ा परिसर के खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तर पर जीत हासिल कर जिले का नाम रोशन करने पर आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीस सुखदेवे कोच अल्बर्ट चौबे सहायक कोच आनंद झा क्रीड़ा परिसर के अधीक्षक भाग सिंह ठाकुर के साथ वॉलीबॉल कोच संजू साहू सूरज महाणिक ने इन बच्चों को बधाई दी है। तथा आगे तथा आगे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है।

### ऐसे बड़े मंच मिलने से हौसला बढ़ता है कलाकारों का

**राजिम।** छत्तीसगढ़ी लोक गायन के क्षेत्र में छोटी उम्र के बावजूद छत्तीसगढ़ के आरू साहू एक ऐसी सेलिब्रिटी बन गई है जिसे हर कोई गाते हुए देखना चाहता है। लोगों को जब पता चला कि मंगलवार को आरू साहू के कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी तो भीड़ बेकाबू हो गया। राजिम पुन्नी मेला में उनके प्रस्तुति के बाद पत्रकारों से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें सभी गानों में अधिक प्रेम मिलता है। मैं मंच पर हर गाना सोच समझकर गाती हूं। उन्होंने कहा कि 2019 में नॉर्थ शिकागो जाना था, किंतु मार्च में कोरोना वायरस के चलते स्थगित हो गया। छत्तीसगढ़ के हर जिलों के अलावा नागपुर, महाराष्ट्र, एमपी सहित कई राज्यों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हूं। इस वर्ष अप्रैल में पंजाब के भटिंडा जाना है जहां पर छत्तीसगढ़ी के अलावा हिंदी गानों की भी प्रस्तुति होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी गायक उन्हें अच्छा लगता है।उन्होंने कहा कि वैसे तो वह क्लास पीपी 2 से गाना गा रही है लेकिन जब वह क्लास फाइव में थे तब एक छत्तीसगढ़ी गाना बर्थडे पार्टी में गाया था जो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हुआ और लोग हाथों हाथ उठा लिया। इसके बाद जब मैं अपना पहला कार्यक्रम धमतरी के जबर हरेली में प्रस्तुत किया तो दर्शकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इससे मुझे बहुत खुशी भी हुआ, लेकिन कार्यक्रम की समाप्ति के बाद दर्शक खाली ही हो गया है जिससे अन्य कलाकारों की प्रस्तुति को देखने लोग मौजूद नहीं रहे ।

## समाचार संक्षेप

### स्वास्थ्य सचिव ने किया सब हेल्थ सेंटर बड़ेशेट्टी का औचक निरीक्षण, ग्रामीणों से की चर्चा



**सुकमा, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर. द्वारा आज सुकमा जिले के बड़ेशेट्टी ग्राम के सब हेल्थ सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य सचिव श्री प्रसन्ना आर. ने इस दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र में अपने हिमोग्लोबिन, बीपी एवं शुगर की जांच करवाया। स्वास्थ्य सचिव द्वारा सब हेल्थ सेंटर के एएनएम से स्वास्थ संबंधी दी जाने वाली सेवाओं और दवाइयों के विषय में विस्तृत जानकारी ली गई।इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर. द्वारा ग्रामीणों से भेंट कर गांव में समस्याओं और मांगो को लेकर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों द्वारा कैंप बनने के पश्चात रोड और अन्य सुविधाओं के उपलब्ध होने पर खुशी जताई गई। इस दौरान बस्तर संभाग कमिश्नर श्री श्याम धावड़े और बस्तर आईजी श्री सुंदरराज पी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### धनसुली और मोरधा में हुआ मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम



**महासमुंद,16 फरवरी।** मोर आवास मोर अधिकार के तहत ग्राम धनसुली एवं मोरधा में कार्यक्रम हुआ। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को उनके विगत 4 वर्ष से रुके हुए है। छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार की मंशा गरीबों के पक्के मकान बनाने की नही है, इनका मुख्य काम गांव गांव में अवैध शराब बिकवाना है। माफियाओं को संरक्षण देकर अवैध उगाही करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगभग 16 लाख आवास की स्वीकृति किया गया था। जिसमें से लगभग 12 लाख प्रधानमंत्री आवास को भूपेश सरकार रोक कर रखा है, जो राज्य के अंश राशि होता है उसे नहीं दे रहा है। वे नहीं चाहते कि गरीब आगे बढ़े गरीब के घर में खुशहाली हो। कांग्रेस सरकार द्वारा लाखों हितग्राहियों के किस्त को वापस केंद्र के पास भेज दिया गया। जिससे उनके आवास अधर में पड़े है। भूपेश सरकार ने आम जनता के विकास कार्यों में अंकुश लगा दिया है। आवास नही मिलने के कारण ग्रामीणजनों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणजनों ने आगामी 20 फरवरी को आवास के लिए विधायक निवास घेराव करने स्वफूर्त आने की सहमति दी। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्राकर, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम चन्द्राकर, मण्डल अध्यक्ष श्याम साकरकर, पार्षद संदीप घोष, आईटी सेल प्रभारी अरुण साहू, दामजी साहू, पुष्कर शर्मा, सुरेन्द दुबे, मोहन यादव, राहुल साहू,जानकी ध्रुव, मोगरा ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, मूलचंद पटेल,सुरेंद्र यादव, चंदूलाल साहू, कामता निर्मलकर, ओगरा पटेल, सुनीता यादव, चेतन पटेल आदि बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बावनकेरा में हर्षोल्लास से मनाया गया उर्स पाक

**महासमुंद,16 फरवरी।** हजरत मौलाना सैय्यद जाकीर शाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह का 65वां उर्स पाक हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में हुआ। इस अवसर पर जिला प्रसासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत, यातायात सहित समस्त विभागों का उल्लेखनीय योगदान देखने को मिला। उर्स के दौरान अनेक जनप्रतिनिधियों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि एवं भारत स्काउट गाईड के जिलाध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर के पिता सेवनलाल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, कांग्रेस नेता अरुण चंद्राकर, यास्मिन बेगम, द्रोण चंद्राकर, ममता चंद्राकर, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दी।सभी ने एक स्वर में कहा कि बावनकेरा मजार शरीफ हिन्दू मुस्लिम एकता एवं आपसी भाईचारा व सौहार्द्र का प्रतीक रहा है। यहां आकर सबी प्रसन्न नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि बावनकेरा का कौमी एकता वर्षों से प्रेरणा का स्रोत रहा है। उर्स कमेटी सदर गुलजार खान, तामीर कमेटी सदर हाजी मोहम्मद रहीम खान, मुतवल्ली जलील खान सहित मुस्लिम जमात, उर्स कमेटी, मस्जिद कमेटी सहित ग्राम पंचायत बावनकेरा, युवा मित्र मंडली एवं ग्रामवासियों ने सभी का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार जताया है।

### आरटीई की राशि भुगतान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी



**महासमुंद,16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के आह्वान पर प्रांत व्यापी आंदोलन के तहत जिला एवं महासमुंद ब्लॉक द्वारा 14 फरवरी को जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यालय जाकर ज्ञापन तथा गुलाब का फूल भेंटकर शासन द्वारा अनिवार्य शिक्षा के अन्तर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों की फीस भुगतान में बरती जा रही उदासीनता के प्रति विरोध व्यक्त किया गया। शासन द्वारा विद्यालयों को आरटीई के अन्तर्गत 2020-21 को करीब 900 विद्यालयों का भुगतान नहीं किया गया। सत्र 2019 का सभी जिलों का सत्यापन होने के बावजूद अब तक राशि प्रदान नहीं की गई है। साथ ही सत्र 2021-22 की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तथा सत्र 2022-23 का सत्र पूरा होने को है, इसलिए कार्यवाही पूरा कर जल्द भुगतान करने की मांग की है। सत्र 2020-21 एवं 2021-22 का 900 स्कूलों तथा सत्र 2022-23 की आरटीई की राशि शीघ्र भुगतान करने की मांग की अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे, ब्लाक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले, सचिव एमआर विश्वनाथन, संरक्षकद्वय पारस चोपड़ा, चन्द्रहास चन्द्राकर, मनोहर महंती, शरद जैन, महेन्द्र जैन, राकेश श्रीवास्तव, राकेश चन्द्राकर, हेमंत चन्द्राकर, राजेश तिवारी, टूपसिंह निषाद, राधेश्याम शर्मा, राव (तुमगांव) उपस्थित शामिल थे।



**महासमुंद।** स्थानीय गुडरूपारा दुर्गा चौक स्थित रंगमंच में प्रत्येक मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का सात बार जाब किया जाता है। इस मंगलवार को पुलवामा में बलिदान हुए देश के वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें आलोक श्रीवास्तव, नंदू जलक्षत्री, मनीष ठाकुर, अनुपम त्रिपाठी, विक्की नामदेव, जितेंद्र नामदेव, राजेश तिवारी, ललित साहू आदि मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

## एक नजर

### भूपेश सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए:विक्रम ध्रुवे

**दल्लीराजहरा, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। सांसद प्रतिनिधि विक्रम ध्रुवे ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए



कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान भाजपा की सोच किसानों के प्रति कभी नही रही पर प्रतिक्रिया देते सांसद प्रतिनिधि ने कहा की यह वही मुख्यमंत्री है जो छत्तीसगढ़ की जनता व युवाओं से 36 वादे किये थे जिसमें एक भी वादे को पुरा नही किया। 4 साल प्रदेश की सत्ता में रहने के बाद भी 2017 से किसानों का कर्ज अभी तक माफनही किया किसानों को उनकी फसल का दो सालों का बकाया बोनस अभी तक नही मिला,साथ ही विक्रम ध्रुवे ने यह भी आरोप लगाया की कांग्रेस की भूपेश सरकार पीएम आवास रोक कर गरीबों के उपर कुठाराघात किया है। राज्य सरकार के अंशदान नही मिलने के कारण गांव के ग्रामिण आवास योजना के कारण कर्ज में डूब गये है आधे अधूरा आवास का निर्माण कर गांव के ग्रामीण आज भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने राशि की आस लगाये बैठे है। विक्रम ध्रुवे ने कांग्रेस सरकार पर यह भी आरोप लगाया की भूपेश सरकार इन चार सालों की सत्ता में रह कर झूठे वादे विकासवाद का थोथा नारा देकर अपने नाकमियों को छिपाने का बेखूबी कार्य करते हुए प्रदेश के किसान युवा व आम जनता को भ्रमित कर रही है।साथ ही यह भी कहा की छत्तीसगढ़ राज्य के भूपेश सरकार को विकास कार्यों के लिए मोदी सरकार ने नौ हजार चार सौ करोड़ रूपये से भी ज्यादा राशि दिये है उसके बाबजूद प्रदेश में विकास कार्य शुन्य है।

### वार्ड-10 पहुंची महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की पदयात्रा



**डोंगरगढ़, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। देश में गैस सिलेंडर पेट्रोल डीजल खाद्य तेल और आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते मूल्यों के खिलाफचल रहे हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा के अंतर्गत कांग्रेस जनों ने कालका पारा वार्ड नंबर 10 का भ्रमण कर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के पत्र को वार्ड वासियों तक पहुंचाया। इस दौरान ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजीव गोमास्ता संध्या देशपांडे संजय श्रीवास्तव नलिनी मेश्राम ममता शिंदे किरण मेश्राम प्रमोद टेम्भुर्णीकर शिशुपाल भारती हरीश भंडारी ललिता साखरे जितेंद्र भाटिया रेखा खोबरागडे रूपचंद खोबरागडे गनपत रजक दुलीचंद बडोले गणेश साहू मतीन खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### ह्रदय रोग,आईवीएफ चिकित्सा शिविर 27 को

**डोंगरगढ़, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। बम्लेश्वरी मंदिर धर्मार्थ चिकित्सालय डोंगरगढ़ में दिनांक 17 फ़रवरी को एक दिवसीय ह्रदय रोग एवं आईवीएफचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव जैन एवं आई वी एफ( स्त्री रोग एवं बांझपन) विशेषज्ञ डॉ प्रज्ञा सूर्यवंशी अपनी सेवाएं देंगे। शिविर का समय 17 फ़रवरी को प्रात: 10:30 से दोपहर 3:00 तक निर्धारित किया गया है। बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने अंचल के समस्त नागरिकों से शिविर का लाभ उठाने अपील किया है।

# खनिज निगम अध्यक्ष ने विभिन्न गांवों में किया किसान भवन निर्माण का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा/सिमगा, 16 फवरी।** आज सिमगा ब्लॉक में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने विभिन्न ग्रामों मुसवाडीह, झिरिया, डोंगरिया, सकरीपार एवं रोहरा में 11 - 11 लाख रुपए के नए किसान भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन के आगमन पर सिमगा के तिल्दा रोड में भाटापारा मंडी के अध्यक्ष सुशील शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसीयों ने फूल माला एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। तदोउपरांत ग्राम पंचायत कामता में ग्रामीणों ने देवांगन का श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया।

ग्राम मुसवाडीह में सोसायटी के अध्यक्ष शैली भाटिया एवं सरपंच प्रतिनिधि सुरेश गेंड्रे ने गाजे-बाजे एवं आतिशबाजी के साथ देवांगन का स्वागत किया। मुख्य अतिथि देवांगन ने नवीन भवन के लिए कुदारी मारकर कार्य की शुरुआत की। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शैली भाटिया ने किसानों को मिल रहे नवीन भवन के लिए बधाई देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे गिरीश देवांगन एवं सुशील शर्मा का आभार व्यक्त किया। वहीं सरपंच रामेश्वरी सुरेश गेंड्रे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपनी मांगें रखी जिसे देवांगन ने स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। उसके बाद देवांगन ग्राम झिरिया पहुंचे एवं वहां भूमि पूजन कर सभा को संबोधित किया तथा ग्राम के सरपंच एवं पंचों से गौठान की जानकारी ली। ग्रामीणों की मांग पर देवांगन ने राशन वितरण भवन एवं मध्यान भोजन की छत मरम्मत की स्वीकृति प्रदान की। ग्राम डोंगरिया में सोसाइटी में बन रहे खाद गोदाम का निरीक्षण करते हुए किसान भवन का भूमि पूजन किया और वहां से ग्राम सकरीपार में किसान भवन का भूमि पूजन कर ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्याओं को जल्द हल करने का आश्वासन दिया। अंत में ग्राम रोहरा में नवीन किसान भवन का भूमि पूजन कर सभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

उक्त सभी कार्यक्रमों में मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने अध्यक्षता की एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, पूर्व विधायक चैतराम साहू, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू, कामता सोसाइटी के अध्यक्ष शैली भाटिया, जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदु मंडी उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, मंडी सदस्य अश्वनी बारले, ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर के के नायक, अरूण यदु, परस गेंड्रे, दशरथ चंद्राकर, अजीत भट्ट, शेष नारायण साहू, सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष कुंज राम साहू, मर्राकोना एवं ढेकुना सोसाइटी के अध्यक्ष कुबेर यदू, रोहरा सोसायटी अध्यक्ष रामनाथ साहू, डोंगरिया सोसायटी अध्यक्ष शिव नायक, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कोमल टंडन, नारायण बंजारे, मंडी के व्यापारी प्रतिनिधि नरेंद्र भूषाणिया, तिलक ध्रुव, महेंद्र साहू, जेठू राम ध्रुव, डॉक्टर योगेश साहू, तिलक देवांगन, गोलू पाटकर, गजानंद सेन, भैंसा सरपंच यशवंत बघेल, सचिन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# तहसील का दर्जा मिलने के बाद भी डोंगरगढ़ के चक्कर लगाने पड़ रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- अर्जी नवीस, स्टाम्प वेंडर, नोटरी सहित उपपंजीयक कार्यालय ना होने से क्षेत्रवासी परेशान.
- लाल बहादुर नगर में उपपंजीयक कार्यालय की शीघ्र स्थापना हो : सोनी

**डोंगरगढ़, 16 फवरी।** लाल बहादुर नगर को तहसील का दर्जा तो मिल गया है परंतु अर्जीनिवेश, स्टाम्प वेंडर, नोटरी सहित उपपंजीयक कार्यालय ना होने की वजह से क्षेत्रवासी हैरान व परेशान है और अपनी जेब ढीली कर डोंगरगढ़ के चक्कर लगाने मजबूर है.

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हीरा सोनी ने लालबहादुर नगर में उप पंजीयक कार्यालय अतिशीघ्र स्थापित किये जाने का निवेदन छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की है. सोनी ने बताया कि लालबहादुर नगर के लोक मण्डई कार्यक्रम के दौरान ही प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा तहसील का दर्जा दिए जाने की घोषणा के साल भर बाद ही वादे को पूरा करते हुए लालबहादुर नगर मे तहसील कार्यालय की स्थापना कर दी गई और 6 माह बीत जाने के बाद भी स्टाम्प वेंडर, अर्जीनिवेश, दस्तावेज लेखक व नोटरी नहीं होने के कारण क्षेत्र वासियो को डोंगरगढ़ का चक्कर लगाना पड़ता है जिससे उनका कीमती समय व पैसा बर्बाद हो रहा है. सोनी ने बताया कि क्षेत्र वासियो ने समस्या से अवगत कराया है और जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा फर्ज है कि इनके विचारों को प्रदेश के मुखिया को अवगत कराते हुए निवेदन किया जाए नहीं तो भारतीय जनता पार्टी के नेता फिर से इसे मुद्दा बनाकर जनता की झूठी लोकप्रियता हासिल कर आंदोलन की राह ना पकड़ ले जैसा कि तहसील कार्यालय की स्थापना होने के बाद भी भाजपा के छुटभैइया नेताओं के द्वारा क्षेत्रवासियो को गुमराह कर घेराव कर ओछी राजनीति करने से बाज नहीं आए थे. जनता सब जान चुकी है कि कांग्रेस की भूपेश सरकार किसानों के हित की सरकार है व क्षेत्रवासियों की माँग पर विचार कर शीघ्र ही लालबहादुर नगर में उपपंजीयक कार्यालय स्थापित करेगी।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने धौराभांठा पहुंचे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 16 फवरी।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा के अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल ने श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम भगवान कृष्ण एवं व्यासपीठ का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर एवं भागवताचार्य जी से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र के खुशहाली सुख शांति समृद्धि की कामना की। आज के इस अवसर पर भाजपा मंडल दक्षिण पलारी के अध्यक्ष महेंद्र साहू, पीलाराम साहू, उदयराम साहू, सालिकराम साहू, सुरेश साहू, प्रमोद वर्मा, नारायण साहू, रामावतार साहू, जनक वर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव सहित भारी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे। तत्पश्चात ग्राम धौराभाठा में ही शिवराज वर्मा के यहाँ वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल आज ग्राम धौराभाठा में शिवराज वर्मा के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने वर-वधू को दांपत्य जीवन में प्रवेश करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने उनके परिवारजनों से मिलकर उनका हालचाल जाना एवं बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल के अध्यक्ष महेंद्र साहू सहित परिवार जन उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार आने के बाद नक्सलियों के हौसले बुलंद : भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 16 फवरी।** बस्तर में हो रहे भाजपा नेताओं की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री राकेश तिवारी मंत्री महाबल बघेल अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ मोहन बांधे एवं मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस्तीफे की मांग की है एक संयुक्त बयान में भाजपा नेताओं ने कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है तब से नक्सलियों के हौसले बुलंद हो गए हैं और अब तो जब विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं वैसे ही नक्सली भाजपा नेताओं को लक्ष्य बनाकर उनकी हत्या करने में लगे हैं इन श्रृंखलाबद्ध हत्याओं से लगता है कि नक्सलियों को प्रदेश में सरकार का कोई भय नहीं है और जब भाजपा नेताओं की हत्या होना शुरू हुई तभी से भाजपा नेताओं ने अपनी हत्या की आशंका से सरकार से सुरक्षा की गुहार लगाई थी परंतु प्रदेश की भूपेश सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है मानो वह भाजपा नेताओं की हत्या का इंतजार कर रही हो और यही कारण है कि बस्तर क्षेत्र के कर्मठ भाजपा नेता सरपंच रामाधार अलामी मंडल अध्यक्ष नीलकंठ जिला उपाध्यक्ष सागर साहू की श्रृंखलाबद्ध हत्या हुई और इन नक्सलियों के भय से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में दहशत फैल गई है वहीं बस्तर में कांग्रेस के नेता बेखौफ घूम रहे हैं इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि यह हत्या कही कांग्रेस के नेताओं के इशारे पर तो नहीं हो रही है ताकि भाजपा के नेता या तो अपने घरों में बैठे या फिर अपने पदों से इस्तीफा दे दें और इसी में भय में भोपालपटनम के हमारे सक्रिय युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गिरजा शंकर ने इस्तीफा भी दे दिया भाजपा नेताओं ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह अविलंब भाजपा नेताओं की सुरक्षा की व्यवस्था करें और अगर आगे चलकर भाजपा नेताओं पर कहीं हमला बंद नहीं हुआ तो हम प्रदेश बंद कराने में भी पीछे नहीं हटेंगे।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मैं बाइक चोरों पर कसा जा रहा है शिकंजा

# 6 बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव, 16 फरवरी।** 15 फरवरी को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम आमगांव निवासी योगेश ऊर्फ योगेन्द्र देवदास अपने पास रखे कुछ मोटर सायकल को सस्ते दाम में बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है कि सूचना मिलने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को सूचना दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला राजनांदगांव अभीषेक मीणा के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले के मार्गदर्शन में एंव उपपुलिस अधीक्षक डोंगरगांव नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण मे एवं थाना प्रभारी निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुचकर योगेश ऊर्फ योगेन्द्र देवदास को फरार होने के पूर्व पकड़ा गया। पकड़े गये योगेश ऊर्फ योगेन्द्र देवदास को पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए 06 नग मोटर सायकल को राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन, डोंगरगढ रेल्वे स्टेशन, ग्राम अर्जुनी बस स्टैंड, मोहारा शराब भाटठी एंव अं0चौकी क्षेत्र के दनगढ क्षेत्र के गांव से चोरी करना स्वीकार किया। चोरी गये 06 नग मोटर सायकल को अपने सुने मकान में छिपाकर रखना बताया गया। चोरी के 06 नग मोटर सायकल को मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी के सुने मकान से जप्त कर पुलिस कब्जा में लिया गया। जप्त मोटर सायकल - 1. हिरो होण्डा स्पेलेण्डर प्लस रंग नीला सफेद जिसका चेचिस नं0 एम.बी.एल.एच.ए.10ई.वाई.बी.ए च.43664 2. होण्डा एस0पी0 साईन स्लेटी रंग का जिसका चेचिस नं0 एमई.4 जे.सी.83 जे.सी.एम.डी.001446 3. होण्डा साईन स्लेटी रंग का जिसका चेचिस नं0 एम.ई.4जे.सी. 36सी.के.बी. 8332105 एंव इंजन नं0 जे.सी.36ई. 2511256 है। 4. होण्डा साईन काला रंग का जिसका चेचसि नं0 एम.ई.4जे.सी. 8524एल.डी. 047013 5. हीरो होण्डा सुपर स्प्लेडर सिल्वर रंग का जिसका इंजन नं0 06डी.ए.ई.एम. 00876 है। 6. हीरो एच0एफ0 डिलक्स लाल काला रंग का जिसका चेचिस नं0 एम.बी.एल.एच.ए.डब्ल्यु.064के .9बी.07707 है। कुल कीमती 2, 60, 000/- रूपये को जप्त किया गया। आरोपी के पास उक्त मोटर सायकल का कोई वैध दस्तवेज नही होने से आरोपी का कृत्य धारा 41(14) जा0फौ0 / 379 भादवि0 का पाये जाने से आरोपी योगेश ऊर्फ योगेन्द्र देवदास पिता पंचराम देवदास उम्र 27 साल निवासी भाठापारा आमगांव थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

### नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

# कालेजों में वार्षिकोत्सव का अपना एक अलग ही महत्व होता है:वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 16 फरवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में सत्र 2022-23 का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 7 फ़रवरी मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिंह गहरवार, ब्लाक अध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ किशन वैष्णव, नलिनी मेश्राम सहित महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के सदस्यगण, वरिष्ठ नागरिकगण, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष नवाज खान एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण के साथ हुआ।

तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्रा कु. नेहा टेम्भुरकर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्यगीत की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला सहकारी केन्द्र बैंक एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान द्वारा हे शारदे मां गीत की प्रस्तुति देकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वार्षिकोत्सव का अपना एक अलग ही महत्व होता है, छात्र-छात्राएं वर्षभर पढ़ाई कर वार्षिकोत्सव के बाद परीक्षा की तैयारी में जुट जाते है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा ने छात्र-छात्राओं को आगे-आगे बढ़ना है तो मन को मारे मत बैठो कविता एवं अपने प्रभावशाली वक्तव्य के माध्यम से चार्ज करते हुए निरंतर आगे बढ़ने प्रेरित किया। तत्पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की बधाई देते हुए छात्र जीवन के महत्व को समझाते हुए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अध्ययन-अध्यापन एवं खेलकूद एवं अन्य सुविधाओं के लिए निरंतर सहयोग देने की बात कही।

कार्यक्रम अध्यक्ष की आसंदी से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह महाविद्यालय के सालभर की गतिविधियों के पश्चात छात्र-छात्राओं पूर्ण उत्साह के साथ आगामी परीक्षाओं की तैयारी करने में जुटने के लिए आयोजित किया जाता है। उन्होने छात्र-छात्राओं को बताया कि इस बार जनभागीदारी समिति के माध्यम छात्र-छात्राओं हेतु स्वल्पाहार में गुपचुप, दाबेली, डोसा सहित अन्य आकर्षक व्यजनों की व्यवस्था की गई है जिससे छात्र-छात्राएं अत्यंत उत्साहित नजर आये। उन्होने छात्र-छात्राओं को अध्ययन-अध्यापन सहित खेलकूद, अकादमिक एवं एनसीसी, एनएसएस एवं अन्य गतिविधियों में बढ़चढकर भाग लेने की बात कही। साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक, अकादमिक, खेलकुद एवं अन्य गतिविधियों हेतु हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने आश्वस्त किया।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नारायणपुर, जिला-नारायणपुर

(जल जीवन मिशन)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

**निविदा क्र. 610, 611, 612, 613, 614, 615, 616, 617, 618, 619, 620, 621, 622, 623, 624, 625, 626, 627, 628, 629, 630, 631, 632, 633, 634/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023 नारायणपुर/ दिनांक 13.02.2023**

छत्तीसगढ़ राज्य के राजयपाल की ओर हसे जिला नारायणपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | 124617 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना बायोनार | 6.39 |
| 02 | 124625 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना अचेली | 13.49 |
| 03 | 124629 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना ताड़ोहुर | 11.64 |
| 04 | 124633 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कोडोली | 30.30 |
| 05 | 124654 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना हान्दावाड़ा | 30.44 |
| 06 | 124656 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना गुदाड़ी | 18.24 |
| 07 | 124657 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना बड़ेतोन्दाबेड़ा | 19.96 |
| 08 | 124660 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना जाटलूर | 18.16 |
| 09 | 124661 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना गारपा | 14.99 |
| 10 | 124704 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना मसपुर | 12.98 |
| 11 | 124705 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना होरादी | 4.79 |
| 12 | 124707 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना तुमेरादी | 15.80 |
| 13 | 124708 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना आदेर | 17.50 |
| 14 | 124709 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना ओरछामेटा | 13.06 |
| 15 | 124714 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कोटेनार | 17.18 |
| 16 | 124715 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना जुवाड़ा | 25.03 |
| 17 | 124719 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना ब्रेहबेड़ा | 6.59 |
| 18 | 124720 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना गुरदई उर्फ गुमियाबेड़ा | 16.99 |
| 19 | 124721 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कोडोनार | 6.86 |
| 20 | 124723 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कोगे | 18.47 |
| 21 | 124725 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना पांगुड़ | 9.03 |
| 22 | 124726 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना ताड़नार उर्फ मरकाबेड़ा | 18.35 |
| 23 | 124727 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना बोरानिर्पी | 8.75 |
| 24 | 124728 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कुमनार | 5.95 |
| 25 | 124729 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना तोयामेटा | 13.34 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 23.02.2023 है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर (छ.ग.)

जी-98521/6

## एक नजर

### दुकान के सामने खड़ी कार पार

**रायपुर, 16 फरवरी।** सेक्टर-4 स्थित किराना दुकान के सामने खड़ी कार को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 4 पूजा किराना दुकान निवासी प्रार्थी सतीश कात्यान 59 वर्ष अपनी टाटा नेक्सोन कार क्रमांक सीजी 17 केटी 7371 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए कार की कीमत करीब 1 लाख 75 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### मामूली बात पर युवक को पीटा

**रायपुर, 16 फरवरी।** बीच रोड पर खड़ी बाइक को हटाने कहने पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार विकाश नगर गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी आदि राजपूत 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी टिक्कू अपनी बाइक को बीच रोड में खड़ी किया था, जिसे हटाने कहने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### हाइवा की टक्कर से विद्युत खंबा क्षतिग्रस्त

**रायपुर, 16 फरवरी।** दलदल सिवनी स्थित सन सिटी के पास हाइवा वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विद्युत खंबा को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी येतेन्द्र कुमार नामदेव 42 वर्ष बिजली विभाग कार्यालय सिविल लाइन में कार्यरत है। बताया जाता है कि हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 आईडी 1087 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दलदल सिवनी के सन सिटी के पास विद्युत खंबा को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे 2 लाख 48 हजार 588 रुपए का नुकसान हुआ है।

### सूने मकान से हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर, 16 फरवरी।** रावतपुरा कालोनी फेस-1 स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार रावतपुरा कालोनी-फेस-1 निवासी प्रार्थी दुसयंत जायसवाल ने थाना में शिकायत किया कि 12 फरवरी की रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर डीवीआर, 2 नग गैस सिलेण्डर व बाइक पार कर दिया।

## सरकार नए वित्त वर्ष में भी बेचेगी शराब

### आबकारी नीति में कोई परिवर्तन नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 16 फरवरी।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023-24 में देशी-विदेशी मदिरा समूहों के संचालन पर कोई नीतिगत निर्णय नहीं लिया जा रहा है। सरकार द्वारा देशी-विदेशी मदिरा समूह का संचालन नए वर्ष में भी किया जाएगा। ज्ञात रहे देशी-विदेशी शराब की बिक्री में पूरे देश में छत्तीसगढ़ दूसरे नंबर पर है। लेकिन सरकारी ठेका होने के कारण पर्याप्त राजस्व प्राप्त नहीं होता है।

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में कुल 800 से अधिक देशी-विदेशी मदिरा दुकानें हैं। इनमें सबसे ज्यादा रायपुर में 75 दुकानें हैं। राज्य शासन द्वारा शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने कमेटियां भी गठित की गई लेकिन कोई नतीजा सामने नहीं आया है। राज्य सरकार को प्रतिवर्ष इन दुकानों से 6000 करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है। लेकिन सरकार द्वारा शराब बेचने के कारण एक्साइज ड्यूटी को हाफ करना पड़ता है। इसके चलते मात्र 3000 करोड़ का ही राजस्व प्राप्त होता है। राज्य शासन को आबकारी विभाग के अधिकारियों ने इस गुण-दोष के बारे में बता दिया है लेकिन वर्तमान सरकार इस पर कोई निर्णय नहीं ले पाई है।



#### घटिया ब्रांड और उचित व्यवस्था नहीं होने से भट्ठियों में भीड़

राज्य सरकार द्वारा प्रीमियम रेंज और लोवर रेंज की शराब बेची जा रही है। पहले ग्रुप बनाकर ठेकेदार ठेका लेते थे जिसके चलते प्रतिस्पर्धा होती थी और शराब प्रेमियों को अच्छे ब्रांड की शराब उपलब्ध हो जाती थी। सरकार द्वारा शराब खरीदने के लिए ब्रेवरेज कारपोरेशन तथा डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन बना दिया गया है जिसके चलते सरकार ही शराब खरीदती है और दुकानों में इसका वितरण करती है। अलग-अलग भट्ठियों का अलग-अलग चालान बैंकों में जमा करना पड़ता है। आबकारी विभाग ने पैसा कलेक्शन और शराब वितरण का काम भी प्लेसमेंट एजेंसी को दे दिया है जिसके चलते यहां पर दुकानों में सुपरवाइजर और सेल्समेन रखे गए हैं। शाम होते ही सेल्समेन और सुपरवाइजर प्रति क्वार्टर 10 रुपए बढ़ा देते हैं जिससे मदिरा प्रेमी परेशान रहते हैं। प्रीमियम रेंज की शराब काफी महंगी पड़ती है जिसे सिर्फ अफसर वर्ग और नौकरीपेशा लोग खरीदते हैं। इन दिनों भट्ठियों में संदिग्ध लोगों की आवाजाही बढ़ती जा रही है। मोबाइल और पर्स चोरी तथा चाकूबाजी की घटनाएं आम हो गई है। राजधानी में राजकुमार कालेज के सामने, तेलघानी नाका, भनपुरी, पुलिस लाइन, बस स्टैण्ड, पुराना बस स्टैण्ड, टिकरापारा, विधानसभा रोड में काफी भीड़ रहती है। चंदनीडीह में भी शराबभट्ठी खोल दी गई है। अभी होली आ रही है जिसके चलते शराबी करोड़ों की शराब गटक जाएंगे। आबकारी विभाग के अनुसार नए वर्ष में भी आबकारी नीति में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

## राष्ट्रीय अधिवेशन के अतिथियों को चार कैटेगरी में बांटा गया

- अतिविशिष्ट नेताओं को नई राजधानी में ठहराया जाएगा
- राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों के लिए भी विशेष व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 16 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन में आने वाले अतिथियों की कैटेगरी तय की गई है। इसमें ए कैटेगरी के नेताओं को नई राजधानी के होटलों में ठहराया जाएगा तथा अन्य वर्ग के प्रतिनिधियों को अलग-अलग स्थानों पर ठहराने की व्यवस्था की जा रही है।

नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय अधिवेशन 24 से 26 फरवरी के बीच होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रवि घोष के अनुसार अतिथियों के लिए चार कैटेगरी बनाई गई है। इसमें ए, बी, सी व डी है। ए कैटेगरी में राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं जिन्हें एसपीजी सुरक्षा प्राप्त है। इनमें राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। बी कैटेगरी में एआईसीसी के सदस्य तथा पीसीसी के सदस्यों को रखा गया है। इनके लिए राजधानी के एयरपोर्ट के पास लगे धर्मशालाओं में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। सी कैटेगरी में ऐसे प्रदेश अध्यक्ष जो कि कार्यसमिति के सदस्य होंगे और डी कैटेगरी में स्थानीय स्तर के मंत्रियों एवं वरिष्ठ सांसदों को रखा जा रहा है। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के लिए विशेष व्यवस्था भी की जा रही है। राजधानी से लाने-ले जाने के लिए बस की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर, कोषाध्यक्ष पवन बंसल एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा ने भी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिशा-निर्देश दिए हैं। राज्य में इस समय सभी मंत्रियों, विधायकों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को विभिन्न समितियों में रखा गया है।

इस अधिवेशन में राष्ट्रीय कार्यसमिति के चुनाव कराने पर भी हाईकमान निर्णय लेगा। अधिवेशन में विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के लिए विषय समिति भी बनाई गई है। नवा रायपुर के सभा स्थल में विशाल डोम का निर्माण चल रहा है। परिवर्तित कार्यक्रम के अनुसार अब 26 फरवरी को जोरा, जीई रोड में आमसभा होगी। सभी अतिथियों को 24 फरवरी की शाम तक पहुंचना होगा। अलग-अलग स्थलों के अलग-अलग नाम रखे गए हैं।

## अलग-अलग क्षेत्रों से दो बाइक पार

**रायपुर, 16 फरवरी।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर से दो नग दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार जनता कालोनी गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी देवेन्द्र कुमार बैरागी 28 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एनवी 9809 को ब्रम्हपुरी पुरानी बस्ती के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। वहीं दूसरे ही मामले में धनलक्ष्मी नगर भनपुरी निवासी प्रार्थी पुष्पेंद्र चंद्रवंशी 40 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 19 एमजे 8821 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## मुख्य सचिव ने राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

### 23 को ले सकते हैं नए राज्यपाल शपथ, अनुसुईया उइके 21 फरवरी को होंगी रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 16 फरवरी।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राजभवन के दरबार हॉल में शपथ ग्रहण की तैयारियों का जायजा लिया है। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने अभी तक शपथ ग्रहण की कोई औपचारिक तिथि घोषित नहीं की है। वर्तमान राज्यपाल अनुसुईया उइके 21 फरवरी को विदाई लेंगी तथा 22 फरवरी को मणिपुर में शपथ ग्रहण करेंगी।





राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल के विशेष सचिव अमृत खलखो इस समय मुख्य सचिव अमिताभ जैन से संपर्क बनाए हुए हैं। नए राज्यपाल के आने की अभी तक कोई अधिकृत सूचना नहीं प्राप्त हुई है। समझा जाता है कि वे 23 फरवरी को यहां आ सकते हैं। राजभवन के अधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग से संपर्क बनाए हुए हैं। राजभवन एवं भाजपा नेताओं के अनुसार भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा के नजदीकी नए राज्यपाल पहले कुलपति भी रह चुके हैं। राज्य में आने पर आरक्षण विधेयक पर भी कोई महत्वपूर्ण फैसला हो सकता है। राजभवन ने इसे लटकाकर रखा है। इसको लेकर राज्य शासन और राजभवन आमने-सामने हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**रायपुर, 16 फरवरी।** अभनपुर स्थित श्रीराम धरमकांटा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक लालजी साहू 70 वर्ष ग्राम कोटगांव धमतरी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह बाइक क्रमांक सीजी 04 सी 3626 से कहीं जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## बदमाशों ने पुलिसकर्मियों की पिटाई कर की शासकीय वाहन में तोड़फोड़

**रायपुर, 16 फरवरी।** राजधानी के नया बस स्टैंड से महज 11 किमी दूर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय स्थित ग्राम काठाडीह में आयोजित मड़ई मेला आयोजन में बदमाशों द्वारा पिटाई कर रहे एक लड़के को बचाने गए दो पुलिसकर्मियों की बदमाशों ने लात घूंसों से पिटाई कर दी इतना ही नहीं बल्कि उनकी पिटाई के अलावा उनके शासकीय वाहन में तोड़फोड़ भी की गई!

पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने के आरोप में मुजगहन थाने की पुलिस, एक दर्जन बदमाशों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 186, 294, 323, 353, 427, 506 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने के आरोप में एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शेष अन्य फरार हैं।



पुलिस के मुताबिक आरक्षक अशोक वर्मा तथा एक अन्य पुलिसकर्मी अनिल के साथ मारपीट करने के आरोप में उमेश निषाद, सूरज साहू, जागेश्वर ठाकुर, पवन साहू, अजीत ध्रुव, हिरेन्द्र निषाद सहित दर्जनभर बदमाशों के खिलाफ बलवा, शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।

अशोक ने पुलिस को बताया है कि; सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात मेला में गम्मत का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान उन्हें बदमाशों द्वारा एक लड़के के साथ मारपीट करने की जानकारी मिली। मौके पर अशोक तथा अन्य पुलिसकर्मी लड़के को बचाने के लिए पहुंचे, तो बदमाशों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए उनकी लात घूंसों से पिटाई कर शासकीय वाहन में तोड़फोड़ की।

**ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर छुड़ाया:** आरक्षक के मुताबिक जब वो लड़के को बचाने गए, तो वहां लड़के के साथ मारपीट कर रहे जगेश्वर तथा उसके साथियों ने उन्हें वहां पुलिसिंग नहीं करने की चेतावनी देते हुए मौके से जाने के लिए कहा। मौके पर ही डटे रहने पर बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की। पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट होते देख मौके पर स्थानीय ग्रमीण पहुंचे और बीच बचाव किया तथा बदमाशों के चंगुल से पुलिसकर्मियों को मुक्त कराया।

## बॉलीवुड को भाया छत्तीसगढ़ : वेब सीरीज की शूटिंग के लिए पसंदीदा स्पॉट बना

**रायपुर, 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की खूबसूरती और भूपेश सरकार की नई फिल्म पॉलिसी अब बॉलीवुड को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है। फिल्मों की शूटिंग खासकर वेब सीरीज शूट करने के लिए छत्तीसगढ़ को काफी पसंद किया जा रहा है. छत्तीसगढ़ में हाल ही में तीन वेब सीरीज को शूट किया गया है. इसके अलावा जिहानाबाद की करीब 80 प्रतिशत शूटिंग भी छत्तीसगढ़ में हुई थी. वहीं अक्षय कुमार भी रायगढ़ में शूट कर चुके हैं. अब जल्द ही छत्तीसगढ़ में एक और बड़े बैनर की वेब सीरिज शूट होने जा रही है. ये वेब सीरिज आपातकाल पर बेस्ड होगी. इस वेब सीरिज में आपातकाल के वक्त घटी घटनाओं को छत्तीसगढ़ में शूट किया जाएगा. इस वेब सीरीज का बड़ा पार्ट छत्तीसगढ़ में शूट किया जाएगा. उसे मशहूर फिल्मकार सुधीर मिश्रा शूट करेंगे. डायरेक्टर सुधीर मिश्रा 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'इस रात की सुबह नहीं', 'चमेली', 'ये साली जिंदगी', 'इंकार' और हाल ही में आई नई वेब सीरीज 'तनाव' के निर्देशक हैं.। सुधीर मिश्रा अब छत्तीसगढ़ में अपनी नई वेब सीरीज शुरू करने जा रहे हैं. इसके लिए मुंबई से क्रू भी छत्तीसगढ़ पहुंचेगा. इस वेब सीरीज के प्रोड्यूसर कपिल मट्?टू सहित राकेश यादव, मनोज जाधव और सबरीना ने रायगढ़ के जिंदल एयर स्ट्रीप का मुआयना किया है. इसके अलावा उन्होंने सरकारी कॉलोनी और अस्पताल भी देखा. इसके बाद रायपुर और कांकेर के भानुप्रतापपुर में भी शूटिंग स्पॉट देखा है।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23